**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्षः 15 अंकः 227 लखनऊ, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026 मूल्यः 02 रूपये पृष्ठ- 08

## मां रो रही हैं, माटी को घुसपैठियों ने घेर लिया है, मानुष डरा हुआ है, बंगाल में बोले पीएम मोदी

एजेंसी।

दिल्ली। प्रधानमंत्री ने कहा कि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर एक ऐसे समाज की कल्पना करते थे जहां हर कोई भयमुक्त हो। लेकिन टीएमसी के जंगल राज ने ठीक इसका उल्टा कर दिया है। वे श्मां, माटी और मनुष्यश की बात करते थे, लेकिन आज मां रो रही है, माटी पर घुसपैठियों का कब्जा है और मनुष्य भयभीत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस पर जंगल राज का आरोप लगाते हुए कहा कि वह मां, माटी और मनुष्य की बात तो करती है, लेकिन उसके शासन में मां रो रही है, माटी पर घुसपैठियों का कब्जा है और मनुष्य भयभीत है। यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर ने षभयमुक्तष समाज की कल्पना की थी, लेकिन तृणमूल कांग्रेस ने इसके ठीक विपरीत परिस्थितियां पैदा कर दी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर एक ऐसे समाज की कल्पना करते थे जहां हर कोई भयमुक्त हो। लेकिन टीएमसी के जंगल राज ने ठीक इसका उल्टा कर दिया है। वे श्मां, माटी और मनुष्यश की बात करते थे, लेकिन आज मां रो रही है, माटी पर घुसपैठियों का कब्जा है और मनुष्य भयभीत है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी का गिरोह इन घुसपैठियों को जाली सरकारी दस्तावेज हासिल करने में मदद कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जमीन पर घुसपैठियों का अतिक्रमण चिंताजनक स्तर पर पहुंच गया है। टीएमसी का गिरोह इन घुसपैठियों को जाली सरकारी दस्तावेज हासिल करने में मदद कर रहा है। घुसपैठिए पड़ोसी क्षेत्रों से घुसकर राज्य में बस रहे हैं। आज मैं बंगाल की जनता से वादा करता हूं। बंगाल में भाजपा सरकार बनते ही घुसपैठ में मदद करने वालों के खिलाफ विशेष जांच शुरू की जाएगी। यह मेरी आपको गारंटी है। चाहे वे कितने भी शक्तिशाली क्यों न हों, उनकी पहचान कर उन्हें जेल भेजा जाएगा।2022 की बोगटुई घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए, जिसमें गांव में झोपड़ियों में आग लगाने के बाद आठ लोग जिंदा जल गए थे, प्रधानमंत्री मोदी ने इसे मानवता पर कलंक बताया। हमारा बीरभूम टीएमसी के जंगल राज का गवाह है।



## बुनकरों की आय बढ़ाने के लिए क्लस्टर आधारित नई कार्य योजना बनेगी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

संवाददाता।

लखनऊ मुख्यमंत्री ने कहा कि बुनकर केवल परम्परा के संवाहक नहीं, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था के सशक्त आधार हैं। ऐसे में उनकी आय, सम्मान और आजीविका की स्थिरता सुनिश्चित करें राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। वर्तमान में बुनकरों के सामने कच्चे माल की बढ़ती लागत, डिजाइन और आधुनिक तकनीक का अभाव तथा सीमित बाजार पहुंच जैसी चुनौतियां हैं। इन समस्याओं का समाधान केवल योजनागत सहायता से नहीं, बल्कि एक सुदृढ़ एवं समन्वित तंत्र विकसित कर ही सम्भव है। मुख्यमंत्री ने इस दिशा में परिणामोन्मुख, क्लस्टर–आधारित नई कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री आज यहां अपने सरकारी आवास पर आयोजित बैठक में हथकरघा विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में उन्हें अवगत कराया गया कि प्रदेश में लगभग 1.99 लाख बुनकर कार्यरत हैं और उत्तर प्रदेश इस क्षेत्र में देश में छठवें स्थान पर है। कालीन, दरी एवं मैट के उत्पादन में प्रदेश अग्रणी है, जबकि बेडशीट, फर्निशिंग और ब्लैंकेट जैसे उत्पादों में भी राज्य की मजबूत उपस्थिति है। वर्ष 2024–25 में देश का कुल हथकरघा निर्यात 1178.93 करोड़ रुपये रहा, जिसमें उत्तर प्रदेश



का योगदान 109.40 करोड़ रुपये, लगभग 9.27 प्रतिशत रहा।मुख्यमंत्री ने कहा कि बुनकर बहुल क्षेत्रों की पहचान कर वहां क्लस्टर विकसित किए जाएं, ताकि उत्पादन, गुणवत्ता और विपणन को एकीकृत किया जा सके। यह क्लस्टर केवल उत्पादन तक सीमित न रहकर पूर्ण वैल्यू चेन के रूप में विकसित हों, जहां डिजाइन, ब्राण्डिंग, पैकेजिंग और बाजार तक पहुंच एक ही ढांचे में सुनिश्चित की जाए।बैठक में क्लस्टर चयन, बेसलाइन सर्वे, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने, इन गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा सतत अनुश्रवण जैसे पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक क्लस्टर में सीमित संख्या में बुनकरों को संगठित कर पंजीकृत इकाइयों के रूप में विकसित किया जाए, जिससे सामूहिक उत्पादन और विपणन को बढ़ावा मिले। साथ ही, इन क्लस्टरों को आधुनिक तकनीक, उन्नत उपकरणों और कौशल प्रशिक्षण से जोड़ा जाए, ताकि उत्पादों की गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार हो सके।डिजाइन और विपणन को सुदृढ़ बनाने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्पाद की सफलता बाजार की मांग के अनुरूप होने पर ही सम्भव है। उन्होंने 'डिजाइनर–कम–मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव' तथा 'डिजाइन हाउसध्सोर्सिंग–बाइंग एजेंसीध एक्सपोर्ट हाउस' जैसे संस्थागत तंत्र को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश देते हुए कहा कि इससे उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार, बड़े बाजारों तक पहुंच और बुनकरों की आय में वृद्धि सुनिश्चित होगी। डिजिटल प्लेटफॉर्म, ई–कॉमर्स और ब्राण्डिंग के विस्तार पर विशेष ध्यान देने के भी निर्देश दिए गए, ताकि बुनकरों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ा जा सके।मुख्यमंत्री ने कहा कि पावरलूम बुनकरों के विद्युत बिल में कमी लाने के लिए बेहतर प्रयासों की आवश्यकता है। उनके निर्देश पर इस सम्बन्धा में हथकरघा विभाग और पावर कॉर्पोरेशन मिलकर कार्ययोजना तैयार करेंगे। उन्होंने सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने पर विशेष बल देते हुए कहा कि इससे बुनकरों की विद्युत लागत में कमी आएगी और उन्हें दीर्घकालिक राहत मिलेगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश का बुनकर समुदाय राज्य की समृद्ध परम्परा, रोजगार और अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। अतः ऐसी संतुलित, पारदर्शी और व्यावहारिक नीति तैयार की जाए, जिससे बुनकरों को वास्तविक राहत मिले, उद्योग को नई गति मिले और प्रदेश की पारम्परिक बुनकरी को सशक्त आधार प्राप्त हो सके।इस अवसर पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री तंर्मी बींद सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## बिहार राजनीति में बड़ा फेरबदल, नीतीश कल लेंगे शपथ, 15 अप्रैल को मिलेगा नया मुख्यमंत्री!

एजेंसी।

बिहार पटना नीतीश कुमार के राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने के साथ ही बिहार में नेतृत्व परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जहाँ 14 अप्रैल को उनके इस्तीफे के बाद एनडीए विधायक दल नए मुख्यमंत्री का चुनाव करेगा। मुख्यमंत्री पद के लिए भाजपा के सम्राट चौधरी और नित्यानंद राय समेत कई नाम प्रमुखता से चर्चा में हैं। अगले सप्ताह बिहार को नया मुख्यमंत्री मिलने की संभावना है क्योंकि नीतीश कुमार 10 अप्रैल को राज्यसभा में जा रहे हैं। वे आज दिल्ली के लिए रवाना होंगे और शुक्रवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेंगे, जिससे राज्य में सत्ता परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त होगा। सूत्रों के अनुसार, नीतीश कुमार शपथ लेने के बाद उसी दिन पटना लौट आएंगे और उनके उत्तराधिकारी पर चर्चा के लिए 13 अप्रैल से बिहार कैबिनेट की बैठक निर्धारित की



गई है। मुख्यमंत्री अगले दिन (14 अप्रैल) अपना इस्तीफा दे सकते हैं। उसी दिन, सभी गठबंधन सहयोगियों के साथ–साथ एनडीए विधायक दल की भी बैठकें होने की संभावना है ताकि आगे की रणनीति पर निर्णय लिया जा सके। बिहार के नए मुख्यमंत्री 15 अप्रैल को शपथ ले सकते हैं, शपथ ग्रहण समारोह पटना के गांधी मैदान में आयोजित होने की संभावना है। ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि कुमार के बेटे निशांत, जो पिछले महीने जेडीयू में शामिल हुए थे, को नई सरकार में संभवतः उपमुख्यमंत्री के रूप में समायोजित किया जा सकता है। नीतीश कुमार के नए पदभार संभालने की तैयारी के बीच, बिहार में अगली सरकार भाजपा के नेतृत्व में बनने की उम्मीद है, जो राज्य विधानसभा में सबसे बड़ी पार्टी है। कई भाजपा नेताओं के नाम मुख्यमंत्री पद के संभावित उम्मीदवारों के रूप में सामने आ रहे हैं। इनमें वर्तमान उपमुख्यमंत्री और तारापुर से विधायक सम्राट चौधरी भी शामिल हैं, जिन्होंने आरजेडी के अरुण कुमार को 45,843 वोटों के अंतर से हराकर अपनी सीट जीती थी। गृह राज्य मंत्री और उजियारपुर से लोकसभा सांसद नित्यानंद राय को भी एक मजबूत दावेदार माना जा रहा है। एक और नाम विजय कुमार सिन्हा का है, जो चौधरी के साथ उपमुख्यमंत्री के रूप में कार्यरत हैं और 2010 से बिहार विधानसभा में लखीसराय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। 2025 के विधानसभा चुनावों में सीपीआई एमएलए की उम्मीदवार दिव्या गौतम पर 59,079 वोटों से जीत हासिल करने वाले दीघा से विधायक संजीव चौरसिया का नाम भी चर्चा में है। मधुबनी जिले के झंझारपुर का प्रतिनिधित्व करने वाले और 52,000 से अधिक वोटों के अंतर से जीतने वाले नीतीश मिश्रा भी एक संभावित उम्मीदवार हैं।

## केरला-असम में बंपर मतदान के बाद बढ़ी सियासी बेचैनी, अब परिणाम का इंतजार

एजेंसी।

दिल्ली। असम में 84: से अधिक और त्रिपुरा उपचुनाव में लगभग 80: मतदान के साथ चुनावी प्रक्रिया पूरी हुई, जो मतदाताओं के भारी उत्साह को दिखाता है। इस बढ़ी हुई भागीदारी ने राजनीतिक दलों की धड़कनें बढ़ा दी हैं और अब सभी की निगाहें चुनाव नतीजों पर टिकी हैं जो देश की राजनीतिक दिशा तय करेंगे। देश के कई अहम राज्यों में मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। केरल, असम और पुडुचेरी में गुरुवार शाम 6 बजे मतदान खत्म हुआ, हालांकि जो मतदाता उस समय तक मतदान केंद्रों पर मौजूद थे, उन्हें टोकन देकर वोट डालने की अनुमति दी गई। मौजूद जानकारी के अनुसार केरल की सभी 140 विधानसभा सीटों पर मतदान तय समय पर पूरा हुआ, लेकिन कई जगहों पर शाम तक लंबी कतारें देखी गई हैं। चुनाव आयोग के निर्देश के अनुसार, 6 बजे तक लाइन में खड़े सभी मतदाताओं को मतदान का अधिकार दिया गया।बता दें कि असम में भी मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही और यहां करीब 84.42 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है, जो पिछले चुनाव के मुकाबले अधिक है। यह बढ़ा हुआ मतदान प्रतिशत इस बार मतदाताओं की बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है।गौरतलब है कि त्रिपुरा के धर्मनगर विधानसभा क्षेत्र में हुए उपचुनाव में भी करीब 79.84 प्रतिशत मतदान हुआ है। अधिकारियों के अनुसार मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा और कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह से ही मतदाता केंद्रों पर पहुंचने लगे थे।मौजूद जानकारी के अनुसार खराब मौसम के बावजूद मतदाताओं का उत्साह कम नहीं हुआ और उन्होंने बड़ी संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। कई स्थानों पर सुबह से ही लंबी कतारें देखने को मिलीं, जो लोकतंत्र के प्रति लोगों की जागरूकता को दिखाता है। वहीं, पश्चिम बंगाल में चुनावी माहौल के बीच राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने मतदाता सूची से लाखों नाम हटाकर चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी इस मामले को अदालत में ले जाएगी और हटाए गए नामों को फिर से जोड़ने की मांग करेगी। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के हल्दिया में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी राज्य में बदलाव का संकेत है। उन्होंने अपने संबोधन में चौतन्य महाप्रभु का उल्लेख करते हुए लोगों से समर्थन की अपील की। इन राज्यों में हुए मतदान के नतीजे आने वाले दिनों में राजनीतिक दिशा तय करेंगे। फिलहाल मतदान शांतिपूर्ण रहने और भारी भागीदारी को लोकतंत्र के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है।

## पीयूष गोयल का डीएमके पर तीखा हमला, बोले- एक फैमली तमिलनाडु को कर रही बर्बाद

एजेंसी।

दिल्ली। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने तमिलनाडु चुनाव से पहले सत्तारूढ़ डीएमके पर भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन का आरोप लगाया है, जिसमें उन्होंने कहा कि एक ही परिवार द्वारा संचालित पार्टी राज्य को पतन की ओर ले जा रही है। उन्होंने बिगड़ती कानून–व्यवस्था, नशीली दवाओं के खतरे और अधूरे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को लेकर डीएमके सरकार की तीखी आलोचना की।केंद्रीय मंत्री और तमिलनाडु भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रभारी पीयूष गोयल ने गुरुवार को सत्तारूढ़ द्रविड़ मुन्नेत्र कजगम (डीएमके) पार्टी की आलोचना करते हुए तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से पहले उस पर भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन का आरोप लगाया। दक्षिण भारत के मैनचेस्टर के नाम से मशहूर कोयंबटूर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए गोयल ने दावा किया कि डीएमके, जो भ्रष्टाचार के लिए कुख्यात एक परिवार के नेतृत्व में चल रही है, राज्य में गिरावट का कारण बन रही है। उन्होंने कानून–व्यवस्था, नशीली दवाओं की समस्या और डीएमके के भीतर कथित भ्रष्टाचार सहित कई मुद्दों पर प्रकाश डाला। गोयल ने कहा कि एआईएडीएमके और उसके सहयोगी दलों का पूरा परिवार तमिलनाडु के विकास के लिए एक ही मिशन पर काम कर रहा है। हमें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर गर्व है। दुख की बात है कि भ्रष्टाचार के लिए कुख्यात एक ही परिवार द्वारा संचालित डीएमके तमिलनाडु को पतन की ओर ले जा रही है। उन्होंने कानून व्यवस्था के मामले में डीएमके के रवैये की आलोचना की और पार्टी पर लोगों और मीडिया को डराने–धमकाने के लिए पुलिस का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। उन्होंने आगे कहा कि डीएमके कानून–व्यवस्था, नशीली दवाओं के खतरे, नौकरी



के बदले रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार पर दिए गए ठेकों को नियंत्रित करने में असमर्थ है। इस चुनाव में भी वे पुलिस का इस्तेमाल करके लोगों को डरा रहे हैं और भय का माहौल बना रहे हैं। केबल टीवी कनेक्शन काटने और मीडिया को धमकाने की उनकी क्षमता स्टालिन परिवार के कुकर्मों को उजागर करती है। जनता सच्चाई जानती हैरू डीएमके हर पल विफल रही है। गोयल ने यह भी कहा कि जहां राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने करों में कमी की है, वहीं डीएमके ऐसा करने में विफल रही है, जिसके कारण राज्य की वित्तीय स्थिति सबसे कमजोर है।

## पंजाब में आईएसआई समर्थित खालिस्तानी आतंकी माडूल का भंडाफोड़, हथियारों के जखीरे के साथ 2 गिरफ्तार

संयुक्त अभियान अमृतसर ग्रामीण पुलिस, गुरदासपुर पुलिस और राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ (एसएसओसी), अमृतसर की टीमों द्वारा केंद्रीय एजेंसियों के समन्वय से चलाया गया था। अधिकारियों के अनुसार, इस मॉड्यूल का संचालन एक विदेशी संचालक द्वारा किया जा रहा था, जिससे सीमा पार समन्वय और समर्थन के बारे में चिंताएं बढ़ गईं। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने इस अभियान को बड़ी सफलता बताते हुए खतरे की व्यापकता और गंभीरता को रेखांकित किया। पंजाब पुलिस ने गुरुवार को एक बड़े आतंकवाद–विरोधी अभियान में घोषणा की कि उसने बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़े एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है, जिसे कथित तौर पर अंतर–सेवा खुफिया (आईएसआई) का समर्थन प्राप्त था और जिसके आईएसआईएस सहित चरमपंथी नेटवर्कों से संदिग्ध संबंध थे। इस मामले में दो व्यक्तियों को



गिरफ्तार किया गया है। यह संयुक्त अभियान अमृतसर ग्रामीण पुलिस, गुरदासपुर पुलिस और राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ (एसएसओसी), अमृतसर की टीमों द्वारा केंद्रीय एजेंसियों के समन्वय से चलाया गया था। अधिकारियों के अनुसार, इस मॉड्यूल का संचालन एक विदेशी संचालक द्वारा किया जा रहा था, जिससे सीमा पार समन्वय और समर्थन के बारे में चिंताएं बढ़ गईं। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने इस अभियान को बड़ी सफलता बताते हुए खतरे की व्यापकता और गंभीरता को रेखांकित किया। यादव ने कहा, एक बड़ी सफलता में, जिला अमृतसर ग्रामीण, जिला गुरदासपुर, एसएसओसी–अमृतसर ने केंद्रीय एजेंसियों के साथ संयुक्त अभियान में आईएसआई प्रायोजित बीकेआई आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया, जिसे विदेश स्थित एक हैंडलर द्वारा संचालित किया जा रहा था, और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की। बरामदगी में पांच हथगोले, दो विशेष डेटोनेटर, कोडर और डिकोडर से लैस एक पुश–टू–टॉक (पीटीटी) टाइमर, एक 9ट बैटरी और लगभग 1 किलोग्राम उच्च विस्फोटक सामग्री शामिल थी, जिसमें कीलें भरी हुई थीं, जो एक तात्कालिक विस्फोटक उपकरण (आईईडी) का संकेत देती हैं। इसके अतिरिक्त, एक बाओफेंग वॉकी–टॉकी, केबल और ट्रिगर तंत्र भी बरामद किए गए। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, बरामद सामग्री में 5 हथगोले, 2 विशेष डेटोनेटर, कोडर और डिकोडर सहित एक पीटीटी टाइमर, 9 वोल्ट की बैटरी, आईईडी सामग्री (कीलों से भरा 1 किलो उच्च विस्फोटक), केबल और ट्रिगर तंत्र सहित एक बाओफेंग वॉकी–टॉकी शामिल हैं,

## सड़क किनारे अज्ञात महिला का शव मिलने से फैली सनसनी, सिर पर चोट के मिले निशान

संवाददाता। लखनऊ थाना क्षेत्र के घुरघुरी तालाब चौकी अंतर्गत इब्राहिमगंज मदारपुर क्षेत्र में सड़क किनारे एक अज्ञात महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी।प्राप्त जानकारी के अनुसार आज दिनांक 09 अप्रैल 2026 को प्रातः थाना स्थानीय पर सूचना मिली कि घुरघुरी तालाब चौकी क्षेत्र के इब्राहिमगंज मदारपुर में सड़क के किनारे एक अज्ञात महिला का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना की जानकारी जुटाई।मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रथम दृष्टया जांच में पाया कि मृतका की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच प्रतीत हो रही है। महिला के सिर पर चोट के स्पष्ट निशान पाए गए हैं, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करते हुए आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किए और आसपास के क्षेत्र में जानकारी जुटाने का प्रयास किया।घटना के बाद क्षेत्र में लोगों की भीड़ एकत्र हो गई और स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बन गया।

# वैज्ञानिक जाति जनगणना और ओबीसी महिलाओं को आरक्षण की मांग, कांग्रेस ओबीसी विभाग ने दी आंदोलन की चेतावनी

लखनऊ।(आरएनएस ) अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ओबीसी विभाग द्वारा आज लखनऊ में एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता आयोजित की गई, जिसे ओबीसी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जयहिंद ने संबोधित किया। इस अवसर पर उनके साथ जितेंद्र बघेल, मनोज यादव, ओम प्रकाश मेहतो सहित अन्य वरिष्ठ नेता मंच पर उपस्थित रहे।प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए डॉ. अनिल जयहिंद ने कहा कि ओबीसी कांग्रेस देशभर में महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती मना रही है। इसी क्रम में 11 अप्रैल 2026 को गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स सभागार में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में कांग्रेस पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता और सामाजिक न्याय के प्रमुख विचारक भाग लेंगे।उन्होंने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने सामाजिक क्रांति की शुरुआत करते हुए पिछड़े, अनुसूचित जाति और जनजाति समाज को सामाजिक गुलामी से मुक्त करने का कार्य किया था। आज भी उनके विचार समाज के लिए मार्गदर्शक हैं और सामाजिक न्याय की दिशा में उनके अधूरे सपनों को पूरा करने की आवश्यकता है।डॉ. जयहिंद ने केंद्र सरकार से देश में वैज्ञानिक आधार पर जाति जनगणना कराए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि जातियों की केवल संख्या गिनना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक स्थिति, सरकारी नौकरियों, राजनीतिक प्रतिनिधित्व और प्रशासनिक सेवाओं में हिस्सेदारी का विस्तृत विवरण भी एकत्र किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में अपनाए गए विस्तृत प्रश्नों वाले मॉडल को पूरे देश में लागू किया जाना चाहिए, ताकि वास्तविक आंकड़ों के आधार पर नीतियां बनाई जा सकें।उन्होंने यह भी घोषणा की कि तेलंगाना में वैज्ञानिक जाति जनगणना के उत्कृष्ट कार्य के लिए वहां के मंत्री पोन्नम प्रभाकर को सम्मानित किया जाएगा।प्रेस वार्ता के दौरान डॉ. जयहिंद ने प्रस्तावित महिला आरक्षण विधेयक में ओबीसी महिलाओं के लिए अलग से प्रावधान न होने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यदि महिला आरक्षण में ओबीसी महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित नहीं की गई, तो इससे संसद की सामाजिक संरचना असंतुलित हो सकती है और समान भागीदारी का सिद्धांत कमजोर पड़ेगा।उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वर्तमान जनगणना प्रक्रिया में ओबीसी वर्ग का अलग से उल्लेख नहीं किया गया है, जिससे यह प्रतीत होता है कि सरकार ओबीसी समाज की वास्तविक स्थिति को समझने के प्रति गंभीर नहीं है।डॉ. जयहिंद ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि ओबीसी महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार नहीं दिया गया, तो देशव्यापी सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी द्वारा पंचायती राज व्यवस्था में ओबीसी आरक्षण लागू कर सामाजिक न्याय को मजबूत किया गया था, जबकि वर्तमान नीतियां पिछड़े वर्गों के हितों के अनुरूप नहीं दिखाई देतीं।उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन अपने शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन में देशव्यापी जन आंदोलन प्रारंभ करेगा।

### वरिष्ठ नेता राम बहादुर सिंह के पुत्र रामांश का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

लखनऊ(आरएनएस )। रेलवे सलाहकार बोर्ड के सदस्य एवं वरिष्ठ नेता राम बहादुर सिंह के पुत्र रामांश का जन्मदिन समारोह बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ लखनऊ स्थित प्लासियो मॉल के इशारा रेस्टोरेंट में मनाया गया। इस अवसर पर शहर के कई गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता तथा समर्थक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और सभी ने रामांश को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह का माहौल बेहद खुशनुमा और उल्लासपूर्ण रहा, जहां केक काटने तथा आपसी मेल–मिलाप का विशेष आयोजन किया गया।कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद भी अपने पुत्र अमित निषाद एवं पुत्रवधु आरती निषाद के साथ शामिल हुए।

# होम्योपैथी को लोकप्रिय चिकित्सा पद्धति बनाएंगे- डा. भास्कर शर्मा

प्रयागराज। होम्योपैथी से रोगों को जड़ से मिटाया जा सकता है। क्रॉनिक डिजीज के सफल उपचार के लिए मरीज के वर्तमान हिस्ट्री लक्षणों के विवरण के साथ मरीज के इलाज के पहले दिन से लेकर इलाज पूर्ण होने तक की सभी रिपोर्ट, उपचार का रिकॉर्ड के साथ ही इलाज से पूर्व करायी गयी जांच रिपोर्ट से लेकर रोगमुक्ध्त होने तक की जांच रिपोर्ट अनिवार्य रूप से शामिल करें, क्ध्योंकि यही रिपोर्ट्स वे सबूत होते हैं जो आप द्वारा किये गये इलाज की सफलता की वैज्ञानिक रूप से पुष्टि करते हैं। यह महत्ध्वपूर्ण बातें शर्मा होम्योपैथिक चिकित्सालय एंड रिसर्च सेंटर इटवा के चीफ कन्ध्सल्ध्टेंट डॉ भास्कर शर्मा ने विश्व होम्योपैथिक दिवस पर कहीं।

उन्होंने कहा कि होम्ध्योपैथी के दम को साइंटिफिध्क कसौटी पर खरा साबित करने के लिए रोगी के दस्ध्तावेजों को सबूत के तौर पर रखना होगा। डा. भास्कर शर्मा ने यह भी कहा कि सिर्फ रोगी के कथन को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सबूत नहीं माना जा सकता है। ज्ञात हो डॉ भास्कर शर्मा के रिसर्च वर्क का सफर उनकी होम्ध्योपैथी शिक्षा के दौरान ही प्रारम्ध्भ हो गया था। अब तक विभिन्ध्न प्रकार के रोगो में एक्ध्सपेरिमेंटल रिसर्च कर डॉ भास्कर शर्मा देश ही नहीं विदेशों में भी अपने कार्य का लोहा मनवा चुके हैं। उन्ध्होंने एक उदाहरण देते हुए कहा कि कई रोगी उनके पास किडनी में पथरी की शिकायत लेकर आये, मैंने उनका अल्ध्ट्रासाउंड कराया तो पथरी होने की पुष्टि हुई। उसका उपचार शुरू किया गया। कुछ दिन बाद आकर रोगी ने कहा कि उसकी पथरी निकल गयी। उसने एक पत्ध्थर दिखाते हुए कहा कि यह पेशाब में निकला है। मैंने उससे कहा



कि एक अल्ध्ट्रासाउंड करा लीजिये तो मरीज का कहना था कि मुझे अब आराम है, मैं कह रहा हूं तो इसकी क्ध्या आवश्ध्यकता है, इस पर मैंने उस रोगी को अल्ध्ट्रासाउंड जांच का शुल्ध्क देते हुए उससे जांच कराने को कहा, उसने जांच करायी तो अल्ध्ट्रासाउंड रिपोर्ट में देखा कि पथरी नहीं थी।

# मामूली कहासुनी के बाद बुजुर्ग के घर बमबाजी

## आधी रात हुई घटना, दो गिरफ्तार

प्रयागराज। झूंसी थाना क्षेत्र में में मामूली कहासुनी के बाद दो युवकों ने बुजुर्ग के घर पर बम फेंके। पहले जान से मारने की धमकी दी गई, फिर आधी रात घर के बाहर बम फेंक दिया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। फुटेज में रात 12रू30 बजे के करीब तीन युवक गली में आते दिखते हैं। उनके पीछे एक युवती और महिला भी दिखाई देती हैं। कुछ ही मिनट बाद युवक एक घर को निशाना बनाकर बम चलाते हैं। धमाके के बाद गली में धुआं फैल जाता है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इनमें कुछ नामजद और अन्य अज्ञात आरोपी शामिल हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार 62 वर्षीय अशोक कुमार झूंसी आवास विकास कॉलोनी सेक्टर– 3 के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि मोहल्ले में ही सुरेन्द्र सिंह के मकान में राज और शिवराज अपनी मां–बहन व दो–तीन अन्य लोगों के साथ किराए पर रहते हैं। आरोप है कि ये लोग अक्सर मोहल्ले में हंगामा करते रहते हैं और आए दिन विवाद करते हैं। उन्होंने बताया कि सात अप्रैल की रात करीब 11 बजे से 12 बजे के बीच आरोपी कुछ अन्य लोगों को बुलाकर जोर–जोर से हंगामा कर रहे थे। अशोक कुमार के अनुसार उनका बेटा देखने गया तो आरोपियों ने गाली–गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। बेटे को बचाने पत्नी पहुंची तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और बम लेकर उन्हें दौड़ा लिया। पत्नी और बेटा किसी तरह भागकर घर में छिपे। करीब डेढ़ घंटे बाद रात 12रू30 बजे सभी आरोपी दोबारा घर पर चढ़ आए। वे बाहर निकलने और जान से मारने की धमकी दे रहे थे। परिवार ने गेट के पास आकर समझाने की कोशिश की, तभी आरोपियों ने बम फेंक दिया। जोरदार धमाके से गली में धुआं फैल गया। परिवार ने घर के भीतर भागकर जान बचाई और पुलिस को सूचना दी। तब तक हमलावर फरार हो चुके थे। एसीपी झूंसी कुंजलता ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार नामजद और दो–तीन अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# प्रदेश में पर्यटन विकास की 570 नई परियोजनाओं को मंजूरी, 687.80 करोड़ रुपये जारी

लखनऊ(आरएनएस )उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा प्रदेश के लगभग सभी मण्डलों के अंतर्गत आने वाले जनपदों में वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए पर्यटन विकास की 570 नई परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान करते हुए 68780.28 लाख रुपये की धनराशि जारी की गई है।यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि आगरा की विभिन्न विधानसभाओं में स्थित मंदिरों और धार्मिक स्थलों के विकास के लिए धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके तहत आगरा ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में स्थित कैला माता मंदिर, फतेहपुर सीकरी के शीतलाकुण्ड धाम मंदिर, फतेहाबाद के शती माता मंदिर, खैरागढ़ स्थित बाबा दीनदयाल मंदिर तथा आनंदी भैरो मऊ स्थित नाथ संप्रदाय के प्राचीन मंदिर के पर्यटन विकास के लिए क्रमशः एक–एक करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।इसी प्रकार आगरा छावनी स्थित पर्यटन कार्यालय के पुराने भवन के जीर्णोद्धार कार्य के लिए 1 करोड़ 50 लाख रुपये, आगरा उत्तर स्थित गुरु का ताल गुरुद्वारा के पर्यटन विकास के लिए 2 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। बाह विधानसभा क्षेत्र स्थित बटेश्वर धाम में घाट विकास कार्य के लिए 19 करोड़ रुपये तथा दो प्रवेश द्वारों के निर्माण हेतु 5 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।इसी क्षेत्र में रपड़ी पर्यावरण पर्यटन क्षेत्र में संकेतक पट्ट स्थापित करने के कार्य हेतु 1 करोड़ रुपये तथा बाह में स्थित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मस्थली के पर्यटन विकास के लिए 2 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके अतिरिक्त एत्मादपुर विधानसभा क्षेत्र में आदिनाथ भरत बाहुबली त्रिमूर्ति जैन मंदिर के पर्यटन आधारभूत सुविधाओं के विकास हेतु 1 करोड़ रुपये तथा इसी क्षेत्र में स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय परियोजना के लिए भी 1 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।पर्यटन मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश के विभिन्न जनपदों के प्राचीन स्थलों पर आधारभूत सुविधाओं का विकास कर अधिक से अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से ये परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं।

# डा. अम्बेडकर जी की जयंती को लेकर सपा की तैयारी शुरू

## सेक्टर स्तर पर गोष्ठियां, बैठकें, सांस्×तिक कार्यक्रम आयोजित होंगे

प्रयागराज। सुप्रसिद्ध विधि वेत्ता, अर्थ शास्त्री, राजनेता, समाज सुधारक, संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबासाहब डॉ भीम राव अम्बेडकर की जयंती पर समाजवादी पार्टी विभिन्न आयोजन कर उन्हें याद करेगी।राष्ट्र के प्रति सेवाओं तथा संविधान निर्माण के समय किये गए संकल्प पर चर्चा करते हुए राष्ट्र को समर्पित संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा के लिए वंचित, शोषित, पीड़ित समाज को जागरूक करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया जायेगा।सपा के सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल द्वारा पत्र जारी कर सभी जिला एवं महानगर अध्यक्ष को कहा है कि पार्टी की ओर से सभी विधानसभाओं मे बूथ एवं सेक्टर स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जाय। जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, यमुनापार पप्पू लाल निषाद एवं महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन के नेतृत्व मे पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठकों मे कार्यक्रम की रूप रेखा तय कर ली गई है।सपा प्रवक्ता दान बहादुर मधुर के अनुसार बाबा साहब की जयंती को "संविधान बचाओ संकल्प दिवस "के रूप मे मनाई जाएगी।14 अप्रैल को सुबह 10 बजे हाईकोर्ट चौराहे पर स्थित डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के उपरांत 11 बजे से जिला कार्यालय जार्ज टाउन मे स्थापित "संविधान मान स्तम्भ "पर माल्यार्पण एवं गोष्ठी का आयोजन होगा।इसके साथ ही जिलेकी सभी विधानसभाओं मे सेक्टर स्तर पर कार्यक्रम होंगे।जिले की तीनो इकाईयों के पदाधिकारियों की बैठक मे पार्टी के विधायक, पूर्व विधायक, ब्लाक प्रमुख एवं जनप्रतिनिधियों, बड़े नेताओं, पदाधिकारियों सहित सभी फ्रंटल संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

# विश्व नवकार महामंत्र दिवस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने किया संबोधन

लखनऊ(आरएनएस )उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज जन भवन (राजभवन), लखनऊ में आयोजित विश्व नवकार महामंत्र दिवस कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल की गरिमामयी उपस्थिति में उप मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की संस्कृति सदैव संपूर्ण विश्व के कल्याण, शांति और मानवता की भावना से ओत–प्रोत रही है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में जब तनाव और अस्थिरता का वातावरण है, ऐसे समय में जैन धर्म का नवकार महामंत्र विश्व को शांति, सकारात्मक ऊर्जा एवं आध्यात्मिक संतुलन प्रदान करने का सामर्थ्य रखता है।उन्होंने कहा कि विश्व नवकार महामंत्र दिवस केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि वैश्विक एकता, आध्यात्मिक जागृति और मानव कल्याण का व्यापक अभियान है। यह अत्यंत गौरव का विषय है कि इस अवसर पर 108 देशों के लाखों लोग एक साथ जुड़कर विश्व शांति और समरसता के लिए नवकार महामंत्र का जाप कर रहे हैं।उप मुख्यमंत्री ने जैन समाज द्वारा किए जा रहे सेवा, गौसंरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह समाज राष्ट्र निर्माण एवं सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि सेवा, समर्पण और करुणा की भावना ही भारत की वास्तविक शक्ति है।अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की दिशा में तीव्र गति से अग्रसर है। सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना तथा समावेशी विकास सुनिश्चित करना है।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत केवल आर्थिक प्रगति ही नहीं, बल्कि शांति, धैर्य और सांस्कृतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ रहा है, जिससे उसे वैश्विक स्तर पर एक विशिष्ट पहचान प्राप्त हो रही है।उन्होंने समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को विश्व नवकार महामंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नवकार महामंत्र आध्यात्मिक जागृति, अहिंसा और आस्था का मूल आधार है, जो मानव चेतना को ऊर्जावान बनाते हुए शांति एवं आत्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने आह्वान किया कि इस पावन अवसर पर सभी नागरिक इसके संदेशों को आत्मसात करते हुए अपने जीवन में सत्य, अहिंसा और करुणा को अपनाने का संकल्प लें।कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में डॉ. वीरेंद्र जायसवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि, जैन समाज के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# इरफान गद्दी हत्याकांड में मुख्य आरोपी है अतीक का शूटर

## भाई समेत नामजद, आसिफ पर संगीन धाराओं के कुल 17 मुकदमे

प्रयागराज। करेली में बिस्मिल्लाह चौराहे के पास प्रॉपर्टी डीलर इरफान गद्दी की सरेशाम गोली मारकर हत्या के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। इस हत्याकांड में माफिया अतीक अहमद के शूटर रहे आसिफ दुर्रानी और उसके भाई राशिद दुर्रानी का नाम सामने आया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश में दबिश दी जा रही है।इरफान के परिजनों के अनुसार उनका दुर्रानी बंधुओं से लंबे समय से प्रॉपर्टी को लेकर विवाद चल रहा था। आशंका जताई जा रही है कि इसी रंजिश के चलते इस सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिलवाया गया। डीसीपी सिटी मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि नामजद आरोपियों के साथ ही कुछ अज्ञात लोगों को भी मुकदमे में शामिल किया गया है। पुलिस की टीमें कसारी मसारी स्थित दुर्रानी के ठिकानों पर दबिश दे चुकी हैं लेकिन अभी तक आरोपी फरार हैं।घटना जिस तरीके से अंजाम दी गई, उसे इस बात की भी आशंका जताई जा रही हैं कि इसमें भाड़े के शूटरों का इस्तेमाल हुआ। इरफान अपने घर से करीब 250 मीटर दूर चाय की दुकान पर बैठे थे। तभी दो बाइक पर सवार चार बदमाश पहुंचे। सभी ने चेहरे ढके हुए थे। एक बदमाश ने उतरकर सीधे सीने में गोली मारी। वारदात के बाद आरोपी आराम से फरार हो गए। बदमाशों को सटीक जानकारी थी कि इरफान चाय की दुकान पर बैठे हुए हैं।मुख्य आरोपी आसिफ दुर्रानी का आपराधिक रिकॉर्ड लंबा है। उस पर हत्या, हत्या के प्रयास समेत 17 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। माफिया अतीक अहमद के साथ कई मामलों में नामजद रहा है। 2020 में अवैध स्लॉटर हाउस संचालन का मामला सामने आया था। 2021 में पीडीए द्वारा उसके आलीशान मकान पर बुलडोजर कार्रवाई की गई थी।

# भाजपा का राजनीतिक चरित्र जनविरोधी, 2027 चुनाव में सावधानी से काम करें कार्यकता- अखिलेश यादव

लखनऊ(आरएनएस )। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा का राजनीतिक चरित्र जनविरोधी है। वह राजनीति के साथ छल करती है और लोकतंत्र के साथ धोखा करती है। भाजपा राज में प्रदेश की पुलिस व्यवस्था चौपट हो गई है। कानून का राज नहीं रह गया है और अस्पतालों की हालत खराब है, जिससे गरीबों को समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा है।बृहस्पतिवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ में विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में आए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से भी अधिक सावधानी बरतनी होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को भाजपा की साजिशों से सावधान रहने की सलाह देते हुए कहा कि जनता अब बदलाव चाहती है और भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि जनता समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना चाहती है और इसके लिए सभी को मिलकर सावधानीपूर्वक कार्य करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान नकली हस्ताक्षर कर वोट कटवाए जा रहे थे, ऐसे में चुनाव आयोग की निष्क्रियता पर भी सवाल उठता है।अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं और नेताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर तक जाएं और आम जनता को भाजपा सरकार की नाकामियों से अवगत कराएं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने स्मार्ट सिटी के नाम पर जनता को धोखा दिया है। राजधानी सहित प्रदेश के सभी बड़े शहरों में यातायात व्यवस्था चरमरा गई है और सड़कों पर आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। उन्होंने कहा कि लखनऊ में सात हजार करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए ग्रीन कॉरिडोर की डिजाइन त्रुटिपूर्ण है, जिसके कारण हर चौराहे पर पुलिस तैनात करनी पड़ रही है।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के नौ वर्षों के कार्यकाल में एक भी नया बिजली संयंत्र स्थापित नहीं किया गया है और बिजली व्यवस्था बदहाल हो गई है। स्मार्ट मीटर के माध्यम से बिजली बिलों में गड़बड़ी की शिकायतें सामने आ रही हैं, जिससे उपभोक्ता परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने कन्नौज स्थित काऊ मिल्क प्लांट को बंद कर दिया, जिससे किसानों को नुकसान हुआ है। यह सरकार नया कुछ बनाने में असफल रही है और समाजवादी सरकार द्वारा किए गए कार्यों को भी नुकसान पहुंचाया गया है।अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान प्रदेश में विकास के अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए गए थे। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार ने प्रदेश को एक्सप्रेस–वे जैसी आधुनिक सड़कों से जोड़ा और आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे जैसी विश्वस्तरीय सड़क का निर्माण कराया, जिससे प्रदेश के विकास को नई गति मिली थी।उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार और लूट के सभी रिकॉर्ड टूट गए हैं। उत्तर प्रदेश को पुनः विकास के रास्ते पर लाने के लिए भाजपा को सत्ता से हटाना आवश्यक है।इस अवसर पर माता प्रसाद पाण्डेय नेता विरोधी दल, राजेन्द्र चौधरी पूर्व कैबिनेट मंत्री तथा श्याम लाल पाल प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विश्व शांति के लिए एक साथ हुआ नमोकार मंत्र का जाप

## जैन अनुयायियों ने मनाया'विश्व नमोकार महामंत्र दिवस'

प्रयागराज। जैन अनुयायियों द्वारा आज 'विश्व नमोकार महामंत्र दिवस' मनाया गया। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जीतो) के आह्वान पर विश्वभर में यह आयोजन विशेष उत्साह के साथ हुआ।

इसी क्रम में श्री दिगम्बर जैन पंचायती सभा, प्रयागराज एवं जैन महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को नमोकार महामंत्र का सामूहिक जाप किया गया। यह जाप विश्व कल्याण, शांति और सद्भावना की भावना से किया गया।

कार्यक्रम की विशेषता यह है कि भारत सहित लगभग 108 देशों में एक ही समय पर जैन अनुयायइयों द्वारा नमोंकार महामंत्र का उच्चारण किया गया। जिससे वैश्विक स्तर पर आध्यात्मिक एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ।

जैन धर्म में नमोकार महामंत्र को अत्यंत पवित्र और प्रभावशाली माना गया है। जैन महिला मंडल की मंत्री श्रीमती बाला जैन ने बताया कि इस सामूहिक जाप का उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित न होकर, विश्व में शांति, अहिंसा, सह–अस्तित्व और मानवता के मूल्यों को स्थापित करना है। कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर इस आध्यात्मिक पहल को सफल बनाकर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से बाला जैन, खुशबू जैन, संहिता जैन, माधुरी जैन, डाली जैन, रत्न जैन, रिंकी जैन, स्वाति, विभा, निर्मल, राहुल, अरुण और राजेश आदि उपस्थित थे।

विजडम इण्डिया R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608 हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026
sheelshukla100@gmail.com


# केएनआईटी के प्रवक्ता एस.पी. कुटार ने दी आत्महत्या की धमकी

सुल्तानपुर। केएनआईटी के प्रवक्ता एस.पी. कुटार ने दी आत्महत्या की धमकी। बताते चले केएनआईटी में पदोन्नति संबंधी दर्जनों प्रकरण विचाराधीन थे, जिसमें संस्थान ने नियम संगत कार्यवाही करते हुए करते हुए अरुणी सिंह ,अवधेश कुमार, राकेश कुमार सिंह, सुमन पांडेय एवं धर्मेंद्र लाल गुप्ता की पत्रावली का निस्तारण कर इंक्रीमेंट प्रदान किया। पदोन्नति से संबंधित सभी प्रकरणों का निस्तारण शासनादेश के अनुकूल और माननीय न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में किया गया। बिना पीएचडी किए हुए प्रवक्ताओं के पदोन्नति के प्रकरण को नियमानुसार शासन को प्रेषित किया गया। रेगुलर वेतन संस्थान की समस्त कार्मिक को प्रदान किया जा रहा है।

सूत्रों से पता चला कि नियम के विपरीत पत्रावली का निस्तारण न करा पाने के कारण संस्थान के कुछ शिक्षक अपने स्वार्थ से प्रभावित होकर केएनआईटी के प्रवक्ता एस.पी. कुटार को आगे करके शैक्षिक माहौल और संस्थान की छवि को धूमिल कर नियम के विपरीत लाभ लेने का प्रयास किया जा रहा है। संस्थान में आंतरिक गुटबंदी बहुत ज्यादा है। जिलाधिकारी महोदय को स्वतः संज्ञान लेकर स्वतः इसकी निष्पक्ष जांच करानी चाहिए। जिससे केएनआईटी में एक स्वस्थ शैक्षिक वातावरण बना रहे और प्रदेश में एक अच्छे संस्थान के रूप में स्थापित भी हो सके। सूत्रों के अनुसार जिलाधिकारी महोदय ने शिकायती पत्रों का संज्ञान लिया जिस पर कार्यवाही हो रही है। केएनआईटी के प्रोफेसर राकेश कुमार ने शिकायतकर्ता के फोन पर फोन कर शिकायत वापस लेने का बनाया दबाव।

# कंपोजिट मदिरा की दुकान को लेकर व्यापारियों और नागरिकों में आक्रोश

सुल्तानपुर। शहर के गोराबारिक क्षेत्र में स्थित कंपोजिट मदिरा की दुकान को लेकर स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, उत्तर प्रदेश के बैनर तले व्यापारियों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर दुकान के संचालन पर गंभीर सवाल उठाए हैं। व्यापारियों का आरोप है कि दुकान पर शराब खरीदने आने वाले लोग परिसर के बाहर ही खड़े होकर शराब का सेवन करते हैं, जिससे क्षेत्र का माहौल बिगड़ रहा है। नशे में धुत लोग गाली–गलौज करते हैं और कई बार अशोभनीय हरकतें करते हैं, जिससे खासकर महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा1 है।बताया गया कि दुकान के पास ही अस्पताल, मंदिर और मस्जिद जैसे महत्वपूर्ण स्थल स्थित हैं। इसके बावजूद दुकान के बाहर ही शराब पिलाने की व्यवस्था किए जाने से धार्मिक और सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। साथ ही सड़क किनारे वाहनों के खड़े होने से यातायात व्यवस्था भी बाधित हो रही है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि दुकान के कर्मचारी ग्राहकों को पानी, गिलास आदि उपलब्ध कराते हैं, जिससे वे वहीं बैठकर शराब पीते हैं। विरोध करने पर दुकानदार और कर्मचारी अभद्रता करते हैं और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हैं।उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मामले की जांच कर संबंधित दुकान के लाइसेंस की समीक्षा की जाए और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही दुकान के बाहर शराब पीने पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

# शराब पीने के बाद हुए विवाद में घायल बुजुर्ग की चौथे दिन मौत, तीन पर मुकदमा दर्ज

बल्दीराय/सुलतानपुर। हलियापुर थाना क्षेत्र के उसकामऊ गांव में शराब पीने के बाद हुए आपसी विवाद में घायल एक बुजुर्ग की इलाज के दौरान चौथे दिन मौत हो गई। पुलिस ने परिजन की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार उसकामऊ मजरे तौधिकपुर निवासी झुरहू प्रसाद (लगभग 50 वर्ष) रविवार को गांव के ही दयाराम मौर्य के यहां दिहाड़ी मजदूरी करने गए थे। काम समाप्त होने के बाद रात करीब आठ बजे दयाराम की मशीन पर कुछ लोगों के साथ शराब का सेवन किया जा रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। मृतक के पुत्र अनिल कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि दयाराम मौर्य, ओमप्रकाश कोरी तथा राजकुमार उर्फ माले रैदास ने मिलकर उनके पिता पर लाठी–डंडों और लात–घूंसों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर जब परिजन मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल अवस्था में परिजन उन्हें इलाज के लिए सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर अयोध्या रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान बुधवार को उनकी मौत हो गई। बुधवार रात शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गुरुवार सुबह परिजनों की मांग पर पुलिस और तहसीलदार अरविंद तिवारी मौके पर पहुंचे और पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।थाना प्रभारी वंदना अग्रहरि ने बताया कि घायल के दौरान दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# कुड़वार पंचायत भवन में फार्मर रजिस्ट्री का निरीक्षण

कुड़वारध्सुल्तानपुर। पंचायत भवन कुड़वार में चल रही फार्मर रजिस्ट्री प्रक्रिया का निरीक्षण एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी द्वारा किया गया। इस दौरान राजस्व निरीक्षक शिवप्रसाद, लेखपाल राजेश श्रीवास्तव तथा कृषि अधिकारी भी मौके पर उपस्थित रहे।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने रजिस्ट्री कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। साथ ही किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना गया। अधिकारियों ने उपस्थित किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इससे किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से और पारदर्शिता के साथ मिल सकेगा। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे समय रहते अपना पंजीकरण अवश्य कराएं, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# थ्रेशर के अन्दर खिंचता गया श्रमिक, दर्दनाक मौत

जौनपुर(आरएनएस )। बरसठी थाना क्षेत्र के दीनापुर गांव में गुरुवार को गेहूं की मड़ाई के दौरान एक हृदयविदारक हादसा हो गया। थ्रेशर मशीन की चपेट में आने से एक श्रमिक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि शव कई टुकड़ों में बंट गया, जिसे देखकर मौके पर मौजूद लोग सिहर उठे। मृतक की पहचान 35 वर्षीय मुलायम बनवासी पुत्र लालचंद निवासी बनकट बहरैची जिला भदोही के रूप में हुई है। वह पिछले लगभग चार वर्षों से अपने ससुराल भदरांव गांव में पत्नी और एक पुत्र के साथ रह रहा था। परिवार के भरण–पोषण के लिए वह मजदूरी करता था और गांव निवासी पंडित सरोज के ट्रैक्टर–थ्रेशर पर श्रमिक के रूप में कार्यरत था।बताया जा रहा है कि गुरुवार को वह अपने ससुर, साले और अन्य लोगों के साथ बगल के दीनापुर गांव में गेहूं की मड़ाई कर रहा था। मड़ाई के दौरान वह प्लास्टिक की तिरपाल में गेहूं की बालियां भरकर थ्रेशर में डाल रहा था।इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह थ्रेशर के अंदर खिंचता चला गया। जब तक आसपास मौजूद लोग मशीन को बंद करते तब तक उसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई और देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए।सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से थ्रेशर में फंसे शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर–थ्रेशर को कब्जे में लेकर मामले की जांच–पड़ताल शुरू कर दी है। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी पूजा का रो–रोकर बुरा हाल है। वह गर्भवती बताई जा रही है, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।



# रैपिड एक्शन फोर्स शांतिपुरम प्रयागराज द्वारा धूमधाम से मनाया गया शौर्य दिवस

विजडम इंडिया

प्रयागराज (विनोद द्विवेदी जिला संवाददाता) आज 101 रैपिड एक्शन फोर्स शान्तिपुरम, प्रयागराज (उ०प्र०) में श्शौर्य दिवसष बड़े ही गौरव एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर सर्वप्रथम 101 वाहिनी के कमांडेण्ट श्री मनीष कुमार भारती तथा अन्य अधिकारीगण एवं जवानों ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों के अदम्य साहस एवं बलिदान को नमन किया। तत्पश्चात कमांडेंट महोदय ने क्वार्टर गार्ड में सलामी ली तथा सभी अधिकारियों एवं जवानों को संबोधित किया।



महोदय ने अपने संबोधन में कहाँ कि आज ही के दिन वर्ष 1965 में भारत–पाक सीमा पर सरदार पोस्ट पर तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की दूसरी वाहिनी की एक छोटी सी बहादुर टुकड़ी ने पाकिस्तानी सेना के लगभग 3500 जवानों वाले ब्रिगेड को खदेड़ दिया था। यह घटना सैन्य इतिहास में अद्वितीय मिसाल है, जो साहस, कर्तव्यपरायणता एवं मातृभूमि की रक्षा हेतु सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक है। इसी कारण प्रतिवर्ष 09 अप्रैल को पूरे देश में ष्शौर्य दिवसश मनाया जाता है। उन्होंने सभी कार्मिकों को कर्तव्यनिष्ठा एवं अनुशासन के साथ सेवा करने हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान विशेष सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। साथ ही वाहिनी परिसर में जवानों के बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई तथा भोजनालय में बड़े खाने का भी आयोजन किया गया।

इस अवसर पर हरिओम सागर, (द्वि. कमा. अधि), बलबीर सिंह, (उप. कमा.), यज्ञ कुमार सिंह, (उप. कमा.), नीरज कुमार (उप.कमा.), अन्य अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण, जवान एवं महिला कार्मिक उपस्थित रहे।



# श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व भव्य कलश शोभायात्रा, भक्ति में सराबोर दिखा जनसैलाब

सुलतानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के बरसावां गांव में श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ से पूर्व भव्य कलश शोभायात्रा का आयोजन किया गया। सरस्वती शुक्ला एवं राम मनोरथ शुक्ल के निज आवास से निकली इस शोभायात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्ति और उत्साह के रंग में रंग दिया। शोभायात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर सिर पर मंगल कलश रखा और गाजे–बाजे की धुन पर नाचते–गाते हुए भाग लिया। यात्रा बरसावां गांव से निकलकर लंगड़ी बाजार और बघौना बाजार होते हुए काली माई गोलन भवानी मंदिर पहुंची, जहां विधि–विधान से पूजन–अर्चन किया गया। इसके पश्चात शोभायात्रा पुनः यज्ञ स्थल पहुंचकर संपन्न हुई। इस धार्मिक आयोजन की अध्यक्षता अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास, राष्ट्रीय वक्ता श्याम सारथी जी महाराज ने की। उन्होंने बताया कि कलश यात्रा सनातन धर्म की प्राचीन परंपरा है, जो किसी भी धार्मिक अनुष्ठान से पूर्व वातावरण को पवित्र एवं सकारात्मक बनाती है। कार्यक्रम में प्रियंका पांडेय, नीशा शुक्ला, माया पांडे, नीलम पांडे, रामलाल शुक्ल, कुलदीप शुक्ल, दरोगा तिवारी, रमाशंकर मिश्र, सुरेश चंद्र मिश्र, शिवाकांत शुक्ल, उमाकांत, प्रदीप कुमार, आशुतोष, इशांत, दिव्यांश, निशांत, अंश सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। अंत में संतोष शुक्ल ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि आज से प्रतिदिन सायं 4 बजे से 7 बजे तक कथा व्यास श्याम सारथी जी महाराज के श्रीमुख से श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कराया जाएगा।



# मरम्मत करते मिट्टी धंसने से दो मजदूरों की मौत

जौनपुर(आरएनएस )। गैस पाइपलाइन की मरम्मत के दौरान मिट्टी धंसने से दो मजदूरों की मौत हो गई है. एक मजदूर अभी भी फंसा है, जिसके लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है. यह हादसा केराकत कोतवाली थाना क्षेत्र के देवकली बाजार स्थित चौकिया शिवालय के पास बुधवार देर रात की है। अपर पुलिस अधीक्षक आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि सूचना मिलते ही तत्काल राहत–बचाव कार्य शुरू किया गया. दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. प्रारंभिक जांच में मिट्टी धंसने को हादसे का कारण माना जा रहा है, वहीं पूरे मामले की जांच जारी है.। सीओ अजीत कुमार रजक ने बताया कि मृतकों की पहचान 32 वर्षीय निरंजन कुमार महतो और 20 वर्षीय प्रिंस कुमार निवासी मुजफ्फरपुर, बिहार के रूप में हुई है. उन्होंने बताया कि दोनों मजदूर पाइपलाइन में हुए लीकेज को ठीक करने के लिए गड्ढे के अंदर वेल्डिंग कर रहे थे। इसी दौरान मिट्टी धंस गई और यह मजदूर उसमें दब गए. हादसे की सूचना मिलते ही केराकत कोतवाली पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंचे और उन्हें रेस्क्यू करके बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डॉक्टर ने दोनों मजदूरों को मृत घोषित कर दिया है. इनके तीसरे साथी के भी मिट्टी में दबे होने की सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक टीम रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही हैं, लेकिन तीसरे साथी का पता नहीं चल सका है। , स्थानीय लोगों का आरोप है कि मरम्मत काम के दौरान सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए थे. इसकी वजह से यह हादसा हुआ है. वहां गड्ढा काफी गहरा था और सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई थी। केराकत कोतवाली के मुक्तिगंज देवकली बाजार के शिवालय के पास गैस पाइपलाइन करीब 30 फीट गहरे गड्ढे में है. इसी पाइपलाइन की मरम्मत और वेल्डिंग का काम चल रहा था। इसी दौरान अचानक ऊपर से मिट्टी भरभराकर गिर पड़ी, जिससे नीचे काम कर रहे मजदूर मलबे में दब गए. घटना इतनी अचानक हुई कि उन्हें संभलने का मौका तक नहीं मिला।



# फायरिंग करते पिकअप सवार चोर दो भैंस ले गये

जौनपुर ।(आरएनएस ) सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के कूकुडीपुर गांव से पिकअप सवार चोर दो भैस लाद ले गए । जबकि तीसरा लादने के प्रयास में पशु मालिक जाग उठे और चिल्लाने पर वह ईट पत्थर चलाते व फायरिंग करते हुए भाग निकले। घटना से लेकर क्षेत्र में दहशत है। कुकुडीपुर गांव के निवासी रामसागर यादव देवकली माइनर के समीप बनी पाही पर सो रहे थे और वही उनके गाय भैंस अन्य मवेशी भी रहते थे। बुधवार को रात करीब 12 बजे पशुशाला मे पशुओं के बोलने की आवाज सुनकर जागे, तो देखा कुछ लोग मुंह बांधकर भैंस खूटे से छोड़ रहे थे । वह चिल्लाते व ललकारते हुए चोरो की तरफ बढे, इस दौरान भैंस चोरों ने उन पर ही पत्थर चलाना शुरू कर दिया और एक भैंस लेकर पिकअप में लाद भी लिए दूसरी पडिया भैंस पहले से लाद चुके थे। तीसरी भैस छोड़ने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन रामसागर के चिल्लाने पर वह ईट पत्थर चलाते हुए फायरिंग भी कर दिया।इस दौरान रामसागर को ईट पत्थर लगने से हल्की चोटें भी आई । फिर वह वापस वह चिल्लाना नहीं छोड़े । जिससे अन्य लोगों की जागने पर वह पिकअप में सवार होकर चोर करंजाकला बाजार की तरफ पिकअप लेकर भाग निकले । पीड़ित रामसागर के मुताबिक चोरों की संख्या 5 से अधिक थी और सफेद पिकअप पर लाद कर फरार हुए है।

# अम्मा हास्पिटल में आयुर्वेदिक शिविर 10 से

जौनपुर(आरएनएस )। अम्मा हॉस्पिटल एवं पंचकर्म केन्द्र निकट जेसीज चौराहा पर तीन दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेदिक शिविर का आयोजन किया गया है। आगामी दस अप्रैल से शुरू होने वाला यह शिविर 12 अप्रैल तक प्रतिदिन सुबह दस से दोपहर दो बजे तक चलेगा। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में हॉस्पिटल की महिला चिकित्सक डा0 कुसुम पाण्डेय ने बताया कि शिविर में जोड़ों का दर्द, साइटिका, पुरूष व महिला बांझपन, बालों का सफेद होना, पेट की समस्या, हाईपरएसिडिटी (अम्लता), चिंता (एंग्जायटी), अवसाद (डिप्रेशन), पीसीओडी, मासिक धर्म संबंधी समस्याएं, सिर के बालों का झडना, इरिटेवल वॉवेल सिंड्रोम, नींद की समस्या, अनमिया, सोरायसिस, एलर्जी संबंधी रोग समेत विभिन्न बीमारियों का निरूशुल्क परामर्श दिया जाएगा। परामर्श लेने वालों के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। संबंधित मरीज किसी भी समय अस्पताल से रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि अस्पताल में सभी आयुर्वेदिक उपचार भी रियायती दरों पर उपलब्ध है।

# सड़क हादसे अधेड़ की मौत

जौनपुर(आरएनएस )। जिले के मुंगरा बादशाहपुर थाना क्षेत्र के सतहरिया बाजार के निकट डंपर से टकराकर बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई है। यह घटना गुरुवार रात लगभग ग्यारह बजे की है। पंवारा थाना क्षेत्र के सरावां गांव निवासी 45 वर्षीय देवेंद्र सिंह पुत्र शिवा राजन सिंह अपनी बाइक से कहीं से वापस लौट रहे थे। उसी समय डंपर से टकराकर गिर पड़े। स्थानीय लोग पास के स्वस्थ केंद्र पर ले गये जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# शार्ट सर्किट से आग, एक बीघा गेहूं की फसल राख

जौनपुर (आरएनएस )। केराकत तहसील क्षेत्र के सुरहूरपुर गाँव में गुरुवार को बिजली के शॉर्ट सर्किट ने एक किसान की मेहनत पर पानी फेर दिया। बिजली के तारों से निकली चिंगारी की चपेट में आने से करीब एक बीघा गेहूं की खड़ी फसल और कुछ बंधा बोझ जलकर राख हो गया। सुरहूरपुर निवासी ओमप्रकाश पाण्डेय के खेत के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों में तेज हवा के चलते अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ। इससे निकली चिंगारी सूखी फसल पर जा गिरी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे खेत को अपनी चपेट में ले लिया।खेत से आग की लपटें उठती देख आसपास के ग्रामीण और परिजन मौके पर दौड़े। स्थानीय स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन पछुआ हवाओं और गर्मी के कारण आग इतनी तेजी से फैली कि जब तक उस पर काबू पाया जाता, तब तक पूरी फसल जल चुकी थी।

# जिलाधिकारी का आधा वेतन रोकने का आदेष

जौनपुर (आरएनएस )। सड़क दुर्घटना के एक मामले में वाहन स्वामी से क्षतिपूर्ति की धनराशि की वसूली न करने पर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के जज मनोज कुमार अग्रवाल ने यहां के जिलाधिकारी का आधा वेतन रोकने का कमिश्नर वाराणसी को आदेश दिया। कोर्ट ने जिलाधिकारी के कृत्य को आपत्तिजनक बताया।साथ ही तहसीलदार मछली शहर को कारण बताओं नोटिस जारी किया कि क्यों न उनके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई के लिए मामला उच्च न्यायालय इलाहाबाद को संदर्भित किया जाए। अग्रिम तिथि 22 अप्रैल 2026 नियत की गई है।ज्ञात हो कि सुजानगंज के फत्तूपुर निवासी रामलाल की 16 फरवरी 2019 को मोटरसाइकिल से ससुराल जाते समय टेंपो चालक की लापरवाही से दुर्घटना हो गई थी जिससे उसका पैर कई जगह टूट गया। कई अस्पतालों में उसका इलाज चला और लाखों रुपए खर्च हुए।उसने टेंपो के मालिक गुलाम हसन निवासी लाई मंडी साहबगंज मुंगराबादशाहपुर एवं बीमा कंपनी द ऑरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी के खिलाफ क्षतिपूर्ति का मुकदमा दाखिल किया। टेंपो चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस न होने के कारण कोर्ट ने बीमा कंपनी को उत्तरदाई न मानते हुए वाहन स्वामी को क्षतिपूर्ति का उत्तरदायित्व मानते हुए 1.60 लाख रुपए क्षतिपूर्ति व उस पर 2019 से 7.5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देने का 21 जनवरी 2025 को वाहन स्वामी को आदेश दिया। आदेश के बावजूद वाहन स्वामी ने भुगतान नहीं किया। तब याची के प्रार्थना पत्र पर कोर्ट ने धनराशि की वसूली के लिए आरसी जारी किया लेकिन तहसीलदार मछली शहर द्वारा न तो वसूली कराई गई और न ही स्पष्टीकरण दिया गया। मछलीशहर तहसीलदार का आधा वेतन रोकने का कोर्ट ने आदेश दिया लेकिन जिलाधिकारी द्वारा वेतन रोकने के संबंध में कोई आख्या प्रस्तुत नहीं की गई और न ही कोर्ट के आदेश का अनुपालन हुआ जिस पर कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया।

# श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता अनुकरणीय

जौनपुर(आरएनएस )। नौपेड़वा बाजार में आयोजित 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के विश्राम दिवस पर कथा ब्यास आचार्य डॉ. जयेश मिश्र ने कहा कि श्रीकृष्ण व सुदामा की मित्रता समाज के लिये अनुकरणीय है। भगवान श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम तो श्रीकृष्ण लीला पुरुषोत्तम कहलायें। श्रीकृष्ण व श्रीराम के काल में बहुत बड़ा अंतर है। श्रीराम ने जो किया, वह अनुकरणीय है परन्तु श्रीकृष्ण ने जो किया, वह आदरणीय है।

आचार्य ने कहा कि परमात्मा को हम मजबूरी में याद करतें है परन्तु उसी परमात्मा से हम चाहते ज्यादा है।

# विधानसभा चुनावों में लोकतंत्र की अग्निपरीक्षा और सत्ता के नए समीकरण

इन पांच राज्यों की कुल 824 विधानसभा सीटों पर लगभग 17.4 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। यह केवल आंकड़ों का खेल नहीं बल्कि 116 लोकसभा सीटों के प्रभाव क्षेत्र से जुड़ा हुआ वह राजनीतिक रणक्षेत्र है, जो राष्ट्रीय राजनीति की धुरी को प्रभावित कर सकता है। पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनावों ने देश की राजनीति को उबाल पर ला दिया है। केरल से लेकर असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केंद्र शासित प्रदेश पुदुचेरी तक सियासी हलचल अपने चरम पर है। रैलियों की गूंज, वादों की बरसात और आरोप–प्रत्यारोप के तीखे तीरों के बीच लोकतंत्र का यह उत्सव अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है। हर राजनीतिक दल अपने–अपने एजेंडे, घोषणापत्र और रणनीति के साथ मैदान में है और मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। इस बार का चुनाव केवल सरकार बनाने का साधन नहीं बल्कि बीते पांच वर्षों के कामकाज का जनमत संग्रह और आने वाले राजनीतिक भविष्य की दिशा तय करने वाला निर्णायक क्षण है। इन पांच राज्यों की कुल 824 विधानसभा सीटों पर लगभग 17. 4 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। यह केवल आंकड़ों का खेल नहीं बल्कि 116 लोकसभा सीटों के प्रभाव क्षेत्र से जुड़ा हुआ वह राजनीतिक रणक्षेत्र है, जो राष्ट्रीय राजनीति की धुरी को प्रभावित कर सकता है। चुनाव कार्यक्रम भी बेहद दिलचस्प है, असम, केरल और पुदुचेरी में 9 अप्रैल को मतदान होगा, तमिलनाडु में 23 अप्रैल को और पश्चिम बंगाल में दो चरणों (23 और 29 अप्रैल) में वोट डाले जाएंगे। नतीजे 4 मई को घोषित होंगे और उसी दिन यह स्पष्ट हो जाएगा कि जनता ने किसके पक्ष में अपना विश्वास व्यक्त किया। इस बार का चुनावी परिदृश्य कई स्तरों पर जटिल और बहुआयामी है। सत्ताधारी दल जहां अपने विकास कार्यों, कल्याणकारी योजनाओं और 'डबल इंजन' जैसे नारों के सहारे जनता तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं विपक्ष बेरोजगारी, महंगाई, सामाजिक असमानता और प्रशासनिक खामियों को मुद्दा बनाकर आक्रामक रुख अपनाए हुए है। यह संघर्ष अब केवल सत्ता का नहीं रहा बल्कि विचारधारा, नीतियों और विकास के मॉडलों की प्रतिस्पर्धा में बदल चुका है। सबसे अधिक चर्चा का केंद्र बना हुआ है पश्चिम बंगाल, जहां राजनीतिक तापमान सबसे ज्यादा है। 294 सीटों वाली विधानसभा में 6.44 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। पिछले चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने प्रचंड बहुमत हासिल कर सत्ता पर कब्जा बनाए रखा था जबकि भाजपा ने मुख्य विपक्षी दल के रूप में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई थी। इस बार मुकाबला और अधिक तीखा हो गया है। तृणमूल कांग्रेस अपने 'बंगाल मॉडल', महिला




सशक्तिकरण योजनाओं और क्षेत्रीय अस्मिता के मुद्दों के साथ मैदान में है, वहीं भाजपा 'डबल इंजन' सरकार के वादे और घुसपैठ जैसे मुद्दों को प्रमुखता दे रही है। रोजगार, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक पारदर्शिता जैसे मुद्दे भी चुनावी विमर्श के केंद्र में हैं। विश्लेषकों का मानना है कि यहां मुकाबला बेहद कांटे का होगा, एक तरफ ममता बनर्जी की राजनीतिक विरासत दांव पर है तो दूसरी ओर भाजपा के लिए यह पूर्वी भारत में विस्तार का सुनहरा अवसर है। असम का चुनाव भी कम दिलचस्प नहीं है। 126 सीटों वाली विधानसभा में 2.25 करोड़ मतदाता निर्णायक भूमिका निभाएंगे। यहां मुख्य सवाल यही है कि क्या भाजपा लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी कर पाएगी या कांग्रेस और उसके सहयोगी दल वापसी का रास्ता तैयार करेंगे। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में भाजपा विकास, बुनियादी ढांचे और सुरक्षा के मुद्दों को लेकर जनता के बीच है। वहीं विपक्ष सीएए–एनआरसी, बेरोजगारी और क्षेत्रीय पहचान जैसे मुद्दों को उठाकर सरकार को घेरने की कोशिश कर रहा है। राष्ट्रीय स्तर के नेताओं की सक्रियता ने इस चुनाव को और अधिक महत्वपूर्ण बना दिया है। असम में परिणाम न केवल राज्य की राजनीति बल्कि पूर्वोत्तर भारत में शक्ति संतुलन को भी प्रभावित करेंगे। दक्षिण भारत में तमिलनाडु और केरल की राजनीति अपनी विशिष्ट पहचान रखती है। तमिलनाडु में द्रविड़ राजनीति का प्रभाव इतना गहरा है कि राष्ट्रीय दलों की भूमिका सीमित हो जाती है। 234 सीटों वाली विधानसभा में 5.67 करोड़ मतदाता मतदान करेंगे। पिछले चुनाव में डीएमके गठबंधन ने सत्ता हासिल की थी और इस बार भी वह अपने 'द्रविड़ मॉडल', सामाजिक न्याय और कल्याणकारी योजनाओं के दम पर मैदान में है। वहीं एआईएडीएमके गठबंधन महंगाई, बिजली संकट और स्थानीय मुद्दों को लेकर सरकार पर हमला बोल रहा है। इसके अलावा अभिनेता विजय की पार्टी का चुनावी मैदान में उतरना एक नया समीकरण बना सकता है, खासकर युवा मतदाताओं के बीच। केरल में 140 सीटों के लिए 2.7 करोड़ मतदाता मतदान करेंगे। यहां का चुनाव पारंपरिक रूप से सत्ता परिवर्तन के लिए जाना जाता रहा है लेकिन पिछले चुनाव में वाम मोर्चे ने लगातार दूसरी बार जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया था। इस बार यदि वह तीसरी बार सत्ता में आता है तो यह एक नया राजनीतिक अध्याय होगा। वाम मोर्चा अपने स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक कल्याण के मॉडल को प्रमुखता दे रहा है जबकि कांग्रेस नेतृत्व वाला यूडीएफ महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर हमलावर है। भाजपा भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की कोशिश में है, जिससे मुकाबला त्रिकोणीय होता जा रहा है। पुदुचेरी भले ही छोटा केंद्र शासित प्रदेश हो, लेकिन यहां की राजनीति बेहद संवेदनशील और निर्णायक है। 30 सीटों वाली विधानसभा में 9. 44 लाख मतदाता मतदान करेंगे। यहां गठबंधन राजनीति का महत्व सबसे अधिक है, जहां छोटे–छोटे वोट अंतर भी सत्ता की दिशा तय कर सकते हैं। पिछले चुनाव में एनडीए गठबंधन ने सत्ता हासिल की थी और इस बार भी वह अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश में है, जबकि कांग्रेस और क्षेत्रीय दल सत्ता वापसी के लिए संघर्षरत हैं। इन सभी राज्यों में एक समान बात यह है कि वोट प्रतिशत और सीटों का समीकरण हमेशा सीधा नहीं होता। कई बार मामूली वोट अंतर भी भारी सीट अंतर में बदल जाता है। यही कारण है कि राजनीतिक दल बूथ स्तर तक अपनी रणनीति को मजबूत कर रहे हैं। सोशल मीडिया और डिजिटल प्रचार ने चुनावी अभियान को एक नई दिशा दी है, जहां नैरेटिव की लड़ाई केवल मैदान में नहीं बल्कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी लड़ी जा रही है। चुनावी मुद्दों की बात करें तो इस बार कोई एक मुद्दा हावी नहीं है। रोजगार, महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि संकट और महिला सशक्तिकरण जैसे मुद्दे अलग–अलग राज्यों में अलग–अलग रूप में सामने आ रहे हैं। यही विविधता इन चुनावों को और अधिक जटिल और रोचक बनाती है।

राजनीतिक दृष्टि से इन चुनावों को 2029 के लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल भी माना जा रहा है। इन राज्यों से आने वाली 116 लोकसभा सीटें राष्ट्रीय राजनीति में निर्णायक भूमिका निभाती हैं। यदि भाजपा असम में अपनी पकड़ बनाए रखती है, पश्चिम बंगाल में बेहतर प्रदर्शन करती है और दक्षिण भारत में अपनी उपस्थिति मजबूत करती है, तो उसकी राष्ट्रीय स्थिति और सुदृढ़ हो सकती है। वहीं, यदि तृणमूल कांग्रेस बंगाल में अपनी सत्ता बरकरार रखती है तो ममता बनर्जी विपक्षी राजनीति की प्रमुख धुरी बनी रह सकती हैं। केरल में वाम मोर्चे की जीत वामपंथी राजनीति के लिए नई ऊर्जा लेकर आएगी जबकि तमिलनाडु में डीएमके की निरंतरता द्रविड़ राजनीति की दिशा तय करेगी।

# सम्पादकीय

## युद्ध के संबंध में तमाम वर्जनाएं टूट रही

जैसे आज राष्ट्रीय संप्रभुता और अंतरराष्ट्रीय कानूनों को मजबूत देशों ने ताक पर रख दिया है, वैसे ही युद्ध संबंधी तमाम वर्जनाएं टूट रही हैं। यह सभ्यता की ओर मानव समाज की आगे बढ़ी यात्रा की दिशा का पलट जाना है।

अमेरिका और इजराइल ने बिना विकिरण जैसे परिणामों की चिंता किए ईरान के परमाणु ठिकाने नांतेज पर बमबारी की। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल के परमाणु स्थल डिमोना पर मिसाइलें दागीं। दोनों हमलों में काफी नुकसान होने की खबरें हैं। इसके बाद डॉनल्ड ट्रंप ने ईरान के बिजली ग्रिड को तबाह करने की धमकी दी, तो जवाब में ईरान ने कहा कि ऐसा होने पर वह इजराइल और खाड़ी देशों में ना सिर्फ बिजली, बल्कि जल स्वच्छ करने के संयंत्रों पर भी निशाना साधेगा। इससे भड़के अमेरिकी राष्ट्रपति सांकेतिक भाषा में जो कहा, उसका यही अर्थ समझा गया है कि उन्होंने ईरान पर परमाणु बम गिराने की धमकी दी है। दूसरे विश्व युद्ध में जापान के हिरोशिमा और नागासाकी में परमाणु बम से हुई तबाही देखने के बाद दुनिया में धारणा बनी थी कि मानव विवेक आगे कभी ऐसा नहीं होने देगा। वैसे, उस महायुद्ध के बाद दुनिया में युद्ध संबंधी नियम–कायदे भी बने। उनके मुताबिक नागरिक स्थलों, बिजली–पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं, स्कूल– अस्पताल आदि जैसी जगहों को सैन्य हमलों से दूर रखने पर सहमति बनी। मगर, आज ये सारी बातें जमींदोज हो गई लगती हैं। ईरान पर हमलों की शुरुआत होते ही अमेरिका– इजराइल ने मिनाब में छोटी बच्चियों के स्कूल पर हमला किया। उसके बाद से नागरिक स्थलों, अस्पतालों, ऊर्जा स्थलों एवं जल स्वच्छता केंद्रों पर निशाने साधे गए हैं। ईरान ने भी उनका जवाब उसी अंदाज में दिया है। और ये सिलसिला बढ़ते–बढ़ते अब परमाणु हमले की चर्चा तक पहुंच गया है। इस क्रम में ये कयास भी लगाए गए हैं कि ईरान ने खुद अपनी तैयारी से या किसी अन्य स्रोत से व्यापक विनाश के अस्त्र जुटाए हुए हैं, जिनका इस्तेमाल वह आगे चल कर सकता है। ये बातें यही बताती हैं कि जैसे आज राष्ट्रीय संप्रभुता और अंतरराष्ट्रीय कानूनों को मजबूत देशों ने ताक पर रख दिया है, वैसे ही युद्ध के संबंध में तमाम वर्जनाएं टूट रही हैं। यह सभ्यता की ओर मानव समाज की आगे बढ़ी यात्रा की दिशा का पलट जाना है। आधुनिक युग में ऐसा होगा, पहले ये सोचना असंभव था!

## आत्मसमर्पित माओवादियों का आजीविकामूलक गतिविधियों से सुधर रहा भविष्य

जिन हाथों ने कभी बंदूक थामकर हिंसा की मार्ग अपनाया था, अब वहीं हाथ अपने हुनर का कमाल दिखा रहे हैं। भानुप्रतापपुर के पास ग्राम चौगेल के पुनर्वास केन्द्र में प्रशिक्षण प्राप्त आत्मसमर्पित नक्सलियों द्वारा हुनर दिखाते हुए काष्ठ कला से नेम प्लेट, छत्तीसगढ़ शासन का श्लोगोय, ग्राम पंचायतों के लिए बोर्ड, बच्चों के लिए की–रिंग सहित अन्य सजावटी सामग्री तैयार की जा रही है, साथ ही कपड़े का थैला, कार्यालयों के लिए बस्ता भी तैयार किया जा रहा है। सरकार द्वारा घोषित नक्सल पुनर्वास नीति के तहत कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन कांकेर द्वारा आत्मसमर्पित नक्सलियों को कुशल और दक्ष बनाने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है। यहां पर उन्हें काष्ठशिल्प के साथ ही इलेक्ट्रिशियन, ड्रायविंग, सिलाई, राजमिस्त्री जैसे पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कभी नक्सली गतिविधियों में संलिप्त रहे युवक–युवतियॉ अब विभिन्न व्यवसाय में दक्ष हो रहे हैं, ताकि वे समाज की मुख्यधारा में शामिल होने के बाद आजीविकामूलक गतिविधियों से जुड़कर सम्मानपूर्वक जीवन निर्वाह कर सकें।चौगेल कैंप बना कौशल प्रशिक्षण केंद्र वर्षों से लाल आतंक के साए में हिंसा का दंश झेल रहा बस्तर संभाग अब विकास की ओर आगे बढ़ रहा है। शासन द्वारा नक्सल मुक्त बस्तर घोषित किया जा चुका है। हिंसा की राह त्यागकर मुख्यधारा में लौटे नक्सलियों को सरकार कौशल विकास का प्रशिक्षण दे रही है, ताकि वे सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर सकें। आत्मसमर्पित नक्सलियों को पुनर्वास नीति–2025 के अंतर्गत भानुप्रतापपुर विकासखंड के पास ग्राम चौगेल (मुल्ला) कैम्प में विभिन्न सृजनात्मक और रोजगारमूलक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कभी बीएसएफ का कैम्प रहा चौगेल (मुल्ला) का यह कैम्प अब हुनर सिखाने वाला गढ़ बन चुका है। यहां पर जिला प्रशासन द्वारा मुख्यधारा में लौटे 40 आत्मसमर्पित माओवादियों को अलग–अलग पाठयक्रमों जैसे– काष्ठ शिल्प, इलेक्ट्रिशियन, सिलाई, ड्राइविंग, राजमिस्त्री इत्यादि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, साथ ही उनकी शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दी जा रही है। पढ़ने के लिए पाठ्य सामग्री, पुस्तकें, पेन–पेंसिल दिए गए हैं तथा पढ़ाने के लिए योग्य शिक्षकों की व्यवस्था भी की गई है।

# चूहे को शेर बताकर किसको डराना चाहती हैं ममता बनर्जी

हम आपको बता दें कि ख्वाजा आसिफ ने पिछले सप्ताह सियालकोट में मीडिया से बातचीत के दौरान यह दावा किया था कि भविष्य में भारत के साथ होने वाला कोई भी संघर्ष सीमाओं तक सीमित नहीं रहेगा और पाकिस्तान कोलकाता जैसे बड़े शहरों को भी निशाना बना सकता है।भारत के खिलाफ जहर उगलने के आदी पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने जब कोलकाता को निशाना बनाने की धमकी दी तो यह उनकी बौखलाहट का खुला प्रदर्शन था, लेकिन हैरानी इससे भी ज्यादा इस बात पर है कि भारत के भीतर कुछ नेता इस खोखली धमकी को लेकर हंगामा खड़ा कर रहे हैं। जिसे बार–बार उसकी हर हरकत पर मुंहतोड़ जवाब मिला हो, जिसे उसकी गुस्ताखियों की सजा उसके घर में घुसकर दी गई हो, उसकी गीदड़ भभकी पर तृणमूल कांग्रेस के नेताओं का शोर मचाना न केवल हास्यास्पद है बल्कि चिंताजनक भी है। देखा जाये तो यह एक कमजोर और बेअसर खतरे को बढ़ा चढ़ाकर पेश करने और चूहे को शेर बताकर लोगों में डर पैदा करने की कोशिश से ज्यादा कुछ नहीं है।हम आपको बता दें कि ख्वाजा आसिफ ने पिछले सप्ताह सियालकोट में मीडिया से बातचीत के दौरान यह दावा किया था कि भविष्य में भारत के साथ होने वाला कोई भी संघर्ष सीमाओं तक सीमित नहीं रहेगा और पाकिस्तान कोलकाता जैसे बड़े शहरों को भी निशाना बना सकता है। देखा जाये तो पाकिस्तान की इस ताजा धमकी को भारत में गंभीरता से कम और हास्य के रूप में अधिक लिया जा रहा है। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि भारत की सैन्य क्षमता, तकनीक और खुफिया तंत्र पाकिस्तान से कहीं अधिक मजबूत है, ऐसे में इस तरह की बयानबाजी केवल मानसिक दबाव बनाने का असफल प्रयास है। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम में सबसे दिलचस्प पहलू देश के भीतर की राजनीति बन गई है। तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी ने इस मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला और तीखी भाषा का इस्तेमाल किया। उन्होंने यह तक कह दिया कि उनकी सरकार आने पर दुश्मनों को उनके घर में घुसकर जवाब दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी प्रधानमंत्री से सवाल किया कि उन्होंने इस धमकी पर प्रतिक्रिया क्यों नहीं दी? दूसरी ओर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि पाकिस्तान की किसी भी दुस्साहसिक हरकत का जवाब अभूतपूर्व और निर्णायक होगा। उन्होंने यह भी दोहराया कि भारत अपनी सुरक्षा को लेकर किसी भी स्तर पर समझौता नहीं करेगा। राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के बयान पर कहा, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने जो बयान दिया है उसके बारे में इतना कहूंगा कि उन्हें ये नहीं भूलना चाहिए कि 55 साल पहले 1971 में पाकिस्तान ने एक बार बंगाल की तरफ नजर उठाने की कोशिश की थी तो पाकिस्तान के दो टुकड़े हो गए एक पाकिस्तान और दूसरा बांग्लादेश बन गया।

# आइए, हम मिलकर भारत की नारी शक्ति को सशक्त करें

नरेंद्र मोदी

21वीं सदी की विकास यात्रा में हमारा भारत एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण की ओर आगे बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में हम अपने लोकतंत्र को और मजबूत करने वाली एक बड़ी पहल के साक्षी बनने वाले हैं। यह ऐसा अवसर है, जब समानता, समावेशन और जनभागीदारी के प्रति हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता एक नए रूप में सामने आएगीहै। यह ऐसा समय है, जब हमारे देश की संसद को एक महत्वपूर्ण दायित्व निभाना है। उसे ऐसा कदम आगे बढ़ाना है, जो हमारे लोकतंत्र को अधिक व्यापक एवं और अधिक प्रतिनिधिक बनाए। संसद का यह निर्णय महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को नई शक्ति देगा और लोकसभा और विधानसभाओं संस्थाओं में उनका उचित स्थान सुनिश्चित करेगा।यह क्षण इसलिए भी विशेष है, क्योंकि यह ऐसे समय में आ रहा है जब देश का वातावरण उत्सव, नवीनता और सकारात्मकता से भरा हुआ है। आने वाले दिनों में भारत के अलग अलग हिस्सों में अनेक पर्व मनाए जाएंगे। असम के लोग रोंगाली बिहू मनाने वाले हैं, और ओडिशा में महा बिशुबा पणा संक्रांति का उत्सव मनाया जाएगा। पश्चिम बंगाल में पोइला बैशाख के साथ बंगाली नववर्ष की शुरुआत होगी। केरलम में विषु पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। तमिलनाडु के लोग उत्सुकता से पुथांडु की प्रतीक्षा कर रहे हैं, तो पंजाब और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में लोगों को बैसाखी के पर्व का इंतजार है। हमारे ये पावन पर्व हर किसी में एक नई आशा का संचार करने वाले हैं। भारत के साथ–साथ दुनियाभर में इन त्योहारों को मनाने वाले सभी लोगों को मैं हृदय से शुभकामनाएं देता हूं। मैं ये कामना करता हूं कि ये दिव्य और पावन अवसर हम सभी के जीवन में सुख–समृद्धि लेकर आएं।इसी दौरान 11 अप्रैल से महात्मा फुले की 200वीं जयंती के समारोह भी शुरू होंगे। 14 अप्रैल को हम भारतवासी डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती मनाएंगे। ये दोनों तिथियां हमें सामाजिक न्याय और मानवीय गरिमा के उन मूल्यों की भी याद दिलाती हैं, जिन्होंने आधुनिक होते भारत की दिशा तय की हैं।

इन्हीं प्रेरणादायी अवसरों के बीच, 16 अप्रैल को संसद की ऐतिहासिक बैठक होगी। महिला आरक्षण को लागू करने से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा के बाद उसे पारित कराने के लिए विशेष सत्र बुलाया गया है। इसे सिर्फ एक विधायी प्रक्रिया कहना इसके महत्व को कम करके आंकना होगा। यह भारतवर्ष की करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है।

हमारी नारीशक्ति देश की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया है। आज देश के हर सेक्टर में नारीशक्ति मिसाल बन रही है। साइंस एंड टेक्नोलॉजी से लेकर एंटरप्रेन्योरशिप तक, खेल के मैदान से लेकर सशस्त्र बलों तक और संगीत से लेकर कला के क्षेत्र में महिलाएं अपनी सशक्त पहचान बना रही हैं। हमारी माताएं–बहनें और बेटियां देश की प्रगति में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।हमारे पारंपरिक मूल्य बताते हैं कि कोई भी समाज तभी प्रगति करता है, जब माताओं–बहनों को आगे बढ़ने के ज्यादा से ज्यादा मौके मिलते हैं। इसी सोच के साथ बीते 11 वर्षों में महिला सशक्तिकरण के लिए एक अनुकूल माहौल तैयार करने पर जोर दिया गया है, इसके लिए निरंतर प्रयास किए गए हैं। शिक्षा तक बढ़ती पहुंच, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, वित्तीय समावेशन में बढ़ोतरी और बुनियादी सुविधाओं तक बेहतर पहुंच ने आर्थिक और सामाजिक जीवन में महिलाओं की भागीदारी को मजबूती दी है।लेकिन ये भी सच्चाई है कि इन सारे प्रयासों के बावजूद भी राजनीति और विधायी संस्थाओं में महिलाओं प्रतिनिधित्व समाज में उनकी भूमिका के अनुरूप नहीं रहा है। इस कमी को अब दूर किया जाना चाहिए, क्योंकि जब महिलाएं प्रशासन चलाने और प्रशासनिक निर्णयों में हिस्सा लेती हैं, तो उनका अनुभव और विजन बहुत काम आता है। इससे चर्चा तो समृद्ध होती ही है, क्वालिटी ऑफ गवर्नेंस में सुधार भी होता है। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना केवल प्रतिनिधित्व का विषय नहीं है, ये हमारे लोकतंत्र को अधिक संवेदनशील, अधिक संतुलित और अधिक उत्तरदायी बनाने का प्रयास है।पिछले कई दशकों में लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं को उनका उचित स्थान दिलाने के लिए बार–बार प्रयास हुए हैं। समितियां गठित की गईं, विधेयकों के मसौदे प्रस्तुत किए गए, लेकिन वे कभी पारित नहीं हो सके। फिर भी, इस बात पर व्यापक सहमति रही है कि विधायी निकायों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ना चाहिए। सितंबर 2023 में संसद ने सर्वसम्मति से नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया था। यह मेरे जीवन के सबसे विशेष अवसरों में से एक रहा है। अब जरूरत है कि 2029 के लोकसभा चुनाव और आने वाले समय में राज्यों के विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के प्रावधानों के साथ कराए जाएं।महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने का यह अवसर हमारे संविधान की मूल भावना के साथ गहराई से जुड़ा है। हमारे संविधान निर्माताओं ने एक ऐसे समाज की कल्पना की थी, जहां समानता न केवल संविधान में निहित हो, बल्कि उसे व्यवहार में भी लाया जाए। विधायी संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करना, उस परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक अहम कदम है। यह एक ऐसे समाज के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसमें राष्ट्र का भविष्य तय करने में प्रत्येक नागरिक की समान भूमिका हो।अब इस निर्णय को और टाला नहीं जा सकता। दशकों से इसकी आवश्यकता को स्वीकार किया गया है। इस पर चर्चा हुई है, इसे बार बार दोहराया गया है। अगर अब भी हम इसे आगे टालते हैं, तो उसका अर्थ यही होगा कि हम उस असंतुलन को और लंबा खींच रहे हैं, जिसे हम पहचानते भी हैं और सुधारने की क्षमता भी रखते हैं। आज भारत पूरे आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। इसलिए ये जरूरी है कि हमारी संस्थाएं सभी नागरिकों, विशेष रूप से हमारी आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं की आकांक्षाओं का सम्मान करें। इससे न सिर्फ दशकों पुराना संकल्प पूरा होगा, बल्कि विकास की गति को बनाए रखने में भी बहुत मदद मिलेगी। यह हमारे लोकतंत्र को अधिक उत्तरदायी बनाने और भविष्य के अनुरूप तैयार करने की दिशा में एक अहम कदम होगा। यह समय सामूहिक संकल्प का है। यह किसी एक सरकार, एक दल या एक व्यक्ति का विषय नहीं है। यह पूरे राष्ट्र का विषय है। हमें मिलकर इस कदम के महत्व को समझना है और मिलकर ही इसे साकार करना है। यही हमारी नारी शक्ति के प्रति हमारा दायित्व भी है, इसलिए महिला आरक्षण बिल को पारित कराने के लिए सहमति बहुत जरूरी है। इसे बड़े राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर देखा जाना चाहिए। ऐसे अवसर हमें यह याद दिलाते हैं कि कुछ फैसले अपने समय से बड़ेहोते हैं। वे आने वाली पीढ़ियों की दिशा तय करते हैं। ये हमें याद दिलाते हैं कि लोकतंत्र की असली ताकत समय के साथ खुद को और अधिक न्यायपूर्ण और अधिक समावेशी बनाने की क्षमता में होती है।संसद का यह ऐतिहासिक सत्र करीब आ चुका है। मैं सभी दलों के सांसदों से हमारी नारीशक्ति के लिए इस महत्वपूर्ण कदम का समर्थन करने का आग्रह करता हूं।

## आज का राशिफल

मेष राशि–
आज आपका दिन सुनहरा गुजरेगा। आज किसी घनिष्ठ मित्र के सहयोग से बेकरी का बिजनेस करने वालों को दोगुना मुनाफा होने का योग है और आपकी आर्थिक बेहतर होगी।

वृष राशि–
आज आपका दिन मिली–जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आपको अपने करियर में बदलाव लाने के लिए कुछ नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। इस राशि के जातकों को राजनीति के क्षेत्र में सफलता मिल मिलेगी।

मिथुन राशि–
आज आपका दिन सामान्य रहेगा। सॉफ्टवेयर इंजीनीयर्स को किसी बड़ी कंपनी से जॉब ऑफर हो सकती है और आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।

कर्क राशि–
आज का दिन आपके शुभ फलदायी रहेगा। आज आपके कारोबार में आपको लाभ ही लाभ होता नजर आएगा। आज दोस्तों के साथ बिगड़े हुए रिश्तों में भी सुधार आ सकता है।

सिंह राशि–
आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज का दिन कुछ खास कामों के लिए दिन बेहतर है। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिल सकते हैं। व्यापार के सिलसिले में आज आप यात्रा पर भी जा सकते है, आपकी यात्रा सुखद रहेगी।

कन्या राशि–
आज का दिन आपके लिए लकी होने वाला है। काफी दिनों से रुका हुआ पैसा आज वापस मिलेगा। आज आपको शैक्षिक के क्षेत्र में उन्नति मिल मिलेगी।

तुला राशि–
आज का दिन आपके फेवर में रहेगा। आज आप किसी भी जरूरी कामकाज को निपटाने में सफल होगें। आज ऑफिशियल कामों में आप अधिक व्यस्त रहेंगे साथ ही आज कोई बड़ा और अलग काम करने से आपको बचना चाहिए।

वृश्चिक राशि–
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक रहेगा। आज किसी मित्र की मदद से आपके बिगड़े हुए काम भी काम बनेंगे। किसी दूसरे का उत्साह देखकर आप उत्साहित हो सकते हैं।

धनु राशि–
आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपको अचानक से धन लाभ होने की संभावना है। आय के कुछ नए स्रोत सामने आएंगे। ऑफिस का काम रोज की तुलना में बेहतर तरीके से होगा। कार्य योजनाएँ आज समय से पूरे हो जाएंगी।

मकर राशि–
आज आपका दिन मिला–जुला अनुभव देने वाला रहेगा। अगर आप संगीत के क्षेत्र से जुड़े हैं, तो आपको तरक्की के कई नये रास्ते नजर आ सकते हैं।

कुंभ राशि–
आज आपकी किस्मत आपका साथ देगी। आपके सोचे हुए सारे काम पूरे होंगे। इसके अलावा आज आप किसी नए काम की शुरुआत करने के बारे में भी विचार कर सकते है।

मीन राशि–
आज आपके मन में नए–नए विचार आ सकते हैं। आपको ऑफिस में अपने काम की प्रशंसा के लिये थोड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है।
आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा। इस राशि के व्यापारी वर्ग को धन लाभ के मौके मिल सकते हैं।

# अर्जुन यादव हत्याकाण्ड में दो सगे भाई समेत चार को आजीवन कारावास

## -चार साल पहले पट्टीदारी रंजिश को लेकर की गयी थी हत्या

अयोध्या। बीकापुर क्षेत्र में पट्टीदारी रंजिश को लेकर अर्जुन यादव को फावड़ा व कुल्हाड़ी तथा लोहे की राड से जानलेवा हमला कर मौत के घाट उतारने के बहुर्चित मामले में चार अभियुक्तों मोहन यादव व उसकी पत्नी सुषमा तथा भाई भोला व उसकी पत्नी पर अपराध साबित होने पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई गयी है। साथ ही अभियुक्तों पर एक लाख 12 हजार रूपये जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माने की आधी धनराशि पीड़ित परिवार को दिया जायेगा। यह फैसला प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरेन्द्र मोहन ने बुधवार को सुनाया है। यह मामला अयोध्या जनपद के बीकापुर कोतवाली क्षेत्र का वर्ष 2022 का है। वादिनी पक्ष से वरिष्ठ फौजदारी अधिवक्ता सईद खान ने पैरवी किया।अभियोजन पक्ष के मुताबिक पट्टीदारी की मामूली रंजिश को लेकर 7 जून 2022 की सुबह 6 बजे 26 वर्षीय अर्जुन यादव की उस समय घेरकर फावड़ा, कुल्हाड़ी, लोहे की राड व लाठी से हमला कर जख्मी कर दिया गया था जब वह घर से निकला था। घायल अवस्था में इलाज के लिए उसे बीकापुर सीएचसी ले जाया गया जहां इलाज के दौरान डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल से भी उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी। हत्या की रिर्पोट मृतक की मां कमलेश कुमारी विधवा श्यामलाल की तहरीर पर कोतवाली बीकापुर में अपराध संख्या 215ध2022 अन्तर्गत धारा 147, 148, 149, 504 व हत्या की धारा 302 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान विवेचक ने नामजद आरोपित भोला, शोभा व मोहन की पुत्री वंदना का नाम निकालकर आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष से पैरवी कर रहे वादिनी के अधिवक्ता सईद खान ने धारा 319 के तहत अन्य आरोपियों को तलब करने की अर्जी कोर्ट में प्रस्तुत किया था जिसपर न्यायालय ने संज्ञान में लेते हुए अन्य अभियुक्तों को तलब कर मुकदमें की सुनवाई शुरू किया। दर्जनभर गवाहों के बयान व अभियोजन पक्ष की सघन पैरवी के चलते मृतक के दो चाचा व चाचियों को जिसमें मोहन, भोला, सुषमा व शोभा पर अपराध सिद्ध होने पर आजीवन कारवास की सजा सुनाई गयी। साथ ही अभियुक्तों पर 1 लाख 12 हजार रूपये जुर्माना भी किया गया।

# वाद-विवाद में स्कार्पियो से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

गोसाईंगंज–अयोध्या। शनिवार की देर रात्रि में आधी तूफान में पेड़ से गिरी लकड़ी के मामले को लेकर उपजे वादविवाद के दौरान स्कार्पियो से घायल रवि राजभर की बुधवार को इलाज के दौरान मेडिकल कालेज लखनऊ में मौत हो गयी। युवक की मौत के बाद पूरे गांव में तनाव फैल गया और स्थित को देखते हुए प्रशासन ने गांव मे भारी पुलिस बल तैनात कर दिया।शनिवार को देर रात्रि को इलाके में जबरदस्त आंधी तूफान का प्रकोप रहा।इसी दौरान शेखपुरा(राजापुर)गांव में एक पेड़ की लकड़ी बीनने गए आशाराम,हीराराम व रवि राजभर से विकास वर्मा का वादविवाद हो गया।वादविवाद के दौरान विकास वर्मा ने अपने भाई संदीप वर्मा को फोन कर स्कार्पियो लाकर उन लोगो पर चढ़ाने को कहा। थोड़ी ही देर में संदीप वर्मा स्कार्पियो लेकर पहुंचा और चढ़ाने का प्रयास करने लगा। जिस पर लोग इधर उधर होने लगे परन्तु रवि राजभर उसकी चपेट में आ गया और बुरी तरह से घायल हो गया। जिसके बाद परिजन उसे सीएचसी गोसाईंगंज ले गए जंहा हालत गंभीर होने पर उसे दर्शननगर रेफर कर दिया। वँहा उसकी हालत बिगड़ने पर मेडिकल कालेज भेजा गया जंहा इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने हीराराम की तहरीर पर विकास वर्मा व संदीप वर्मा के खिलाफ केस दर्जकर एक आरोपी विकास वर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया जबकि दूसरा आरोपी संदीप वर्मा उपचाराधीन बताया जा रहा है।रवि राजभर की मौत की सूचना के बाद मृतक के घर पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। सीओ सदर अरविंद सोनकर के मुताबिक केस में हत्या की धारा भी जोड़ी जा रही है।प्रशासन हर स्थित पर पैनी नजर बनाए हुए है।मौके पर एसडीएम सदर रामप्रसाद त्रिपाठी, सीओ सदर अरविंद सोनकर,एसएचओ महराजगंज राजेश सिंह,एसएचओ लालचंद सरोज,एसएसआई वीरेंद्र राय सहित तमाम आलाधिकारी मौजूद रहे।

# खेल मैदान की भूमि पर ग्राम प्रधान व लेखपाल की मिलीभगत से हो रहा सड़क निर्माण

## -पीड़ित ने एसडीएम मिल्कीपुर से की शिकायत

मिल्कीपुर–अयोध्या। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के मरेमा पूरे सूबेदार गांव में खेलकूद मैदान की सुरक्षित भूमि पर अवैध रूप से सड़क निर्माण कराने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इसको लेकर एसडीएम मिल्कीपुर को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान व लेखपाल की मिलीभगत से गांव के श्याम लाल,राम जी,नन्दलाल, गोकुल आदि लोग दबंगई के बल पर खेलकूद मैदान के लिए सुरक्षित भूमि गाटा संख्या 164 पर मिट्टी पटाई कर सड़क बनाने का प्रयास कर रहे हैं। जिस पर प्रधान ने ट्राली से मिट्टी भी डलवाना शुरू कर दिया है।इससे न सिर्फ खेल मैदान की भूमि प्रभावित हो रही है, बल्कि भविष्य में गांव के बच्चों के खेलकूद के लिए निर्धारित स्थान भी खत्म होने का खतरा पैदा हो गया है।इनायत नगर थाना क्षेत्र के मरेमा पूरे सूबेदार गांव निवासी सत्यम ने एसडीएम को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव में आवागमन के लिए पहले से ही एक रास्ता मौजूद है। उस रास्ते को ही दुरुस्त करते हुए मिट्टी पटाई या खड़ंजा निर्माण कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बंजर भूमि से होकर रास्ता बनाना अधिक उपयुक्त होगा, लेकिन उपर्युक्त लोग नियमों की अनदेखी कर प्रधान से मिलीभगत करके खेल मैदान की भूमि पर कब्जा कर सड़क बनाना चाहते हैं।जब कि पीड़ित शिकायत कर्ता सत्यम पुत्र राम लाल ने बताया कि उक्त खेलकूद मैदान पर लगे प्रतिबंध आम,नीम गुलर के हरे भरे पेड़ो को प्रधान व पुलिस के सामने ही विपक्षी काट कर नष्ट कर दिए। ग्रामीणों ने मांग की है कि खेलकूद मैदान की भूमि को सुरक्षित रखा जाए और किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से रोका जाए। साथ ही पूर्व से संचालित रास्ते पर ही विकास कार्य कराया जाए, जिससे गांव के लोगों को आवागमन में भी सुविधा मिले और सार्वजनिक खेल मैदान की भूमि भी सुरक्षित रह सके। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम मिल्कीपुर सुधीर कुमार ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है और इसकी जांच के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने राजस्व निरीक्षक और संबंधित लेखपाल को मौके पर जाकर स्थिति का निरीक्षण करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# निर्माणाधीन नगर निगम भवन का महापौर ने किया निरीक्षण

अयोध्या। महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने बुधवार को अधिकारियों के साथ नगर निगम के निर्माणाधीन नए भवन का निरीक्षण किया और अब तक कराए गए कार्यों को निकट से देखा। उन्होंने फिनिशिंग कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। महापौर अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ, सहायक अभियंता सिविल राजपति यादव के साथ साढ़े 12 बजे नगर निगम के निर्माणाधीन कार्यालय भवन पहुंचे। यहां ठेकेदार बैग माइन इंटरप्राइजेज बरेली के परियोजना प्रबंधक महाराज शर्मा एवं पीएमसी दिवाकर के साथ सभी मंजिल पर जाकर प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान पाया गया कि नगर निगम एवं अयोध्या विकास प्राधिकरण का संयुक्त प्रशासनिक भवन लगभग बनकर तैयार हो चुका है। अब फिनिशिंग कार्य को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडे ने बताया कि अत्याधुनिक ढंग से बनाए जा रहे इस भवन में रैंप का निर्माण कार्य चल रहा है, जबकि लिफ्ट लगाने की तैयारी हो चुकी है। बताया गया कि नगर निगम और एडीए का प्रवेश द्वार अलग–अलग होगा, हालांकि प्राधिकरण के हिस्से की बिल्डिंग में पांचवीं मंजिल नगर निगम की होगी। इसमें नगर आयुक्त का कार्यालय बनाया जाएगा यहीं सभी अपर आयुक्त भी बैठेंगे। दो हिस्सों में बन रहा यह भवन पांच मंजिला होगा। इसमें सोलर पैनल का इस तरह से लगाया जाएगा कि बिजली जाने पर भी आधे घंटे का बैकअप मिल सके। यहां भूमिगत पार्किंग के साथ अत्यधिक अग्निशमन सुरक्षा एवं बेहतर जल प्रबंधन का भी इंतजाम किया गया है। इसके बेसमेंट में 292 वाहनों की पार्किंग की सुविधा शुरू होगी। महापौर ने अधिकारियों से फिनिशिंग कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। परियोजना प्रबंधक महाराज शर्मा ने नगर निगम को भवन हैंडओवर करने के लिए तीन माह का समय मांगा। इस दौरान पार्षद अभिनव पांडे भी थे।

# रामायणकालीन विरासत का होगा संरक्षण, अयोध्या के 41 पौराणिक तीर्थो के कायाकल्प की तैयारी

अयोध्या। रामायण की पावन भूमि अयोध्या अब अपने प्राचीन गौरव को पुनः प्राप्त करने की राह पर हैं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के तहत रामायण कालीन 41 पौराणिक तीर्थों के संरक्षण और कायाकल्प की व्यापक तैयारी चल रही है। इसके अंतर्गत 84 कोसी परिक्रमा क्षेत्र को चार जिलों अयोध्या, गोंडा, बस्ती और अंबेडकरनगर के प्राचीन तीर्थ स्थलों को जोड़ते हुए विकसित किया जाएगा। यह पहल न केवल धार्मिक महत्व को बढ़ाएगी बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती भी प्रदान करेगी। सरकार का लक्ष्य है कि श्रद्धालु रामायण से जुड़े इन स्थलों पर पहुंचकर प्राचीन काल की स्मृतियों को महसूस कर सकें। सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है और चिह्नित स्थलों को पौराणिक स्वरूप में लौटाने के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर ग्रामीण अंचलों के इन प्राचीन तीर्थों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा, ताकि लाखों श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के इन पावन स्थलों का दर्शन कर सकें।

सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि योजना के तहत सभी तीर्थ स्थलों पर कुंडों का सौंदर्यीकरण, शेड, चेंजिंग रूम, पर्याप्त लाइटिंग और अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी। तीर्थों तक पहुंच को सुगम बनाने के लिए मार्गों को सुदृढ़ किया जाएगा। 14 प्रमुख कुंडों का विकास मनरेगा के माध्यम से कराया जाएगा, जबकि सड़क निर्माण, शेड निर्माण और विद्युत व्यवस्था के कार्य संबंधित विभागों द्वारा प्रस्तावित हैं। इस परियोजना में अंगी ऋषि आश्रम, वाल्मीकि आश्रम, विल्यहरि, त्रिपुरारी, पुण्यहरि, हनुमान कुंड दराबगंज, विभीषण कुंड, सुग्रीव कुंड, राम कुंड, सीता कुंड, दुग्धेश्वर कुंड, भैरव कुंड, तमसा नदी, प्रमोद वन लखनीपुर, श्रवण क्षेत्र बारुन, पाराशर आश्रम देवराकोट, व्यवन आश्रम कुंदुर्खाकला, गौतम आश्रम रुदौली, मानस तीर्थ, पिशाच मोचन, गया कुंड भरत कुंड, भरत कुंड, नंदीग्राम, कालिका देवी नंदीग्राम, जटा कुंड, शत्रुघ्न कुंड, अजित आश्रम, आस्तीक आश्रम आस्तीकन, रमणक स्थान पंडितपुर, घृताची कुंड और थरेरू जैसे दर्जनों महत्वपूर्ण स्थल शामिल हैं। यह विकास कार्य मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों पर केंद्रित है। रामायणकालीन विरासत का संरक्षण सिर्फ धार्मिक कार्य नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनरुत्थान और आर्थिक विकास का माध्यम भी है। इन तीर्थों के विकास से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। होटल, ढाबे, गाइड, हस्तशिल्प और परिवहन व्यवसाय से जुड़े लोगों की आय बढ़ेगी। ग्रामीण अंचलों में पर्यटन विकास से युवाओं का पलायन रुकेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

84 कोसी परिक्रमा मार्ग को विकसित करने से श्रद्धालुओं को एक साथ कई प्राचीन स्थलों की यात्रा करने का अवसर मिलेगा। वाल्मीकि आश्रम जहां राम–लक्ष्मण और सीता के वनवास की कथा जुड़ी है, वहीं विभीषण कुंड और सुग्रीव कुंड वानर सेना से संबंधित महत्वपूर्ण घटनाओं की याद दिलाते हैं। इन स्थलों को मूल स्वरूप में विकसित करने के लिए पुरातत्व विशेषज्ञों और स्थानीय संतों की सलाह ली जा रही है। मास्टर प्लान के तहत प्रत्येक स्थल का अलग–अलग विकास खाका तैयार किया गया है। कुंडों की खुदाई, घाट निर्माण, बाउंड्री वॉल, हरित क्षेत्र विकास और सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पहुंच मार्गों को पक्का करने के साथ–साथ बस और ई–रिक्शा सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। रात के समय पर्याप्त रोशनी और सीसीटीवी निगरानी से सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत होगी। अयोध्या विकास प्राधिकरण, पर्यटन विभाग, लोक निर्माण विभाग, पंचायती राज विभाग और मनरेगा के समन्वय से यह कार्य तेजी से पूरा किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, पहले चरण में 14 कुंडों का विकास मनरेगा के तहत शुरू हो चुका है। शेष कार्यों के लिए बजट आवंटन किया जा रहा है। यह परियोजना राम मंदिर निर्माण के बाद अयोध्या को और व्यापक धार्मिक पर्यटन केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अयोध्या के ग्रामीण क्षेत्रों में बिखरे रामायण काल के प्रमाण अब आधुनिक सुविधाओं के साथ श्रद्धालुओं का स्वागत करेंगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन तीर्थों के विकास से न केवल उनकी आस्था मजबूत होगी बल्कि आर्थिक रूप से भी वे सशक्त होंगे।

# अवांछनीय व्यवहारों के प्रति छात्राएं रहें सतर्क एवं जागरूक डा. मृदुला राय

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के एमएड विभाग में"मिशन शक्ति" –फेस 5, के अंतर्गत , "विशाखा गाइडलाइन के अनुसार यौन उत्पीड़न एवं अवांछनीय व्यवहारों के प्रति जागरूकता" विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट वक्ता के रूप में स्थाई लोक अदालत की न्यायिक सदस्य डॉ. मृदुला राय रही उन्होंने अपने व्याख्यान में बताया कि महिला एवं पुरुष दोनों समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। विशाखा गाइडलाइन, विशाखा बनाम राजस्थान सरकार 1997 पर चर्चा करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि यह अधिनियम एक न्यायिक हस्तक्षेप है जो पूरे भारत में कामकाजी महिलाओं को विधिक संवैधानिक संरक्षण प्रदान करने वाला मैग्नाकार्टा सिद्ध हुआ है। आज कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। 11 अप्रैल 2013 को महिला यौन उत्पीड़न निवारण अधिनियम का गठन हुआ (पोशएक्ट–2013), आईपीसी धारा 354अ जिसमें यौन उत्पीड़न अपराध है, धारा 509 जैसे एक्ट के बारे में बताया। अवांछनीय व्यवहारों के प्रति छात्राओ को जागरूक किया। अवांछनीय व्यवहार वह सभी व्यवहार होता है जो महिला के विरुद्ध उसे असहज, अपमानित और भयभीत महसूस कराता है। मिशन शक्ति की समन्वयक डॉ. गीतिका श्रीवास्तव ने इस कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यों को आत्मनिर्भर बनने एवं राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित कर राष्ट्र को सबल बनाने की प्रेरणा दी। एमएड समन्वयक प्रो. अनूप कुमार ने मिशन शक्ति को महिलाओं के सर्वांगीण विकास और सशक्तिकरण के लिए एक समग्र पहल बताया, इसका लक्ष्य महिलाओं के लिए सुरक्षित एवं समान अवसर का समाज बनाना है। डॉ. शशि सिंह ने विशाखा गाइड लाइन को महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत आंदोलन बताया। कार्यक्रम का संचालन एवं समापन समृद्धि पांडे ने किया। इस अवसर पर डॉ. महेंद्र सिंह , डॉ. नीलम सिंह, डॉ. प्रतिभा, डॉ. स्वाति, मनीष यादव एवं एमएड विभाग के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# ब्लेकमेलिंग से डरे नही उसकी रिपोर्ट करें-अरशद

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के नवीन परिसर तुलसी भवन में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत साइबर सुरक्षा के तहत व्याख्यान का आयोजन किया गया। "साइबर अपराध और महिला सुरक्षा" रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश पुलिस साइबर क्राइम के विशेषज्ञ मो. अरशद अयोध्या रहे। मो.अरशद ने साइबर क्राइम से जुड़ीं अनेक घटनाओं को विद्यार्थियो के साथ साझा किया साथ ही उन्हे सतर्क रहने के लिए टिप्स बताए। उन्होने कहां साइबर अपराध होने का मूल कारण वर्तमान मे बढ़ती व्यक्ति की लालच है, व्यक्ति एक दिन मे अपनी इनकम को डबल करने के लालच मे साइबर ठगी का शिकार हो रहा है। बच्चो को अपने आधार, फोन, बैंक खाता किसी अनजान को बताने के मना किया साथ ही फोन को पार्सवड के साथ रखने का सुझाव दिया। उन्होने कहा कि 'डर ही इंसान को हराता है और बहादुरी जीतती है' ब्लेकमेलिंग से डरे नही उसकी रिपोर्ट करे जितने जल्दी रिपोर्ट होगी तभी पुलिस सहायता कर पाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईटी विभाग की डॉ.वंदिता पांडेय ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. स्वाती सिह ने एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मनीषा यादव ने किया। इस अवसर पर डॉ. राम जी, डॉ प्रतिभा सिंह, मोहिनी, स्वाती उपाध्या, अंकिता, प्रियंका, डॉ. स्याम, आदि शिक्षकगण एवं बहुत संख्या में विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

# अवध विवि में कुलपति का औचक निरीक्षण, कार्य में तेजी लाने के निर्देश

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने बुधवार दोपहर प्रशासनिक भवन के विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय की प्रशासनिक कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य निष्पादन करने के निर्देश दिए। कुलपति ने लेखा अनुभाग, भंडार, परीक्षा अनुभाग तथा नामांकन का निरीक्षण कर वहां संचालित कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित कार्य प्रभारियों और कर्मचारियों से पत्रावलियों का अवलोकन करते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी कार्य में अनावश्यक विलंब न किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने के लिए फाइलों का शीघ्र निस्तारण आवश्यक है।इसके अलावा कुलपति ने संबद्धता, गोपनीय, शैक्षणिक एवं उपाधि अनुभागों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यप्रणाली में सुधार के लिए आवश्यक सुझाव दिए और पारदर्शिता बनाए रखने पर जोर दिया। इसके उपरांत सामान्य प्रशासन, जनसूचना तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) अनुभाग का भी निरीक्षण किया गया।

# अग्निकांड पीड़ितों के बीच पहुचे भाजपा नेता सुरेंद्र रावत, बांटी राहत सामग्री

मिल्कीपुर–अयोध्या। मिल्कीपुर तहसील के कुंभी पूरे डड़िया गांव में बीते शुक्रवार को हुए भीषण अग्निकांड के बाद बुधवार को भाजपा नेता सुरेंद्र रावत ने पीड़ित परिवारों के बीच पहुंचकर राहत सामग्री वितरित की। उन्होंने प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद का भरोसा भी दिलाया।भाजपा नेता ने गांव पहुंचकर अग्निकांड से प्रभावित परिवारों को दरी, चादर, खाद्यान्न सहित अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य बबलू पासी, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम नारायण पाठक समेत अन्य स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। राहत सामग्री पाकर पीड़ित परिवारों के चेहरों पर कुछ राहत और संतोष दिखाई दिया। गौरतलब है कि शुक्रवार शाम गांव में अचानक लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया था। इस भीषण अग्निकांड में करीब 10 घर जलकर पूरी तरह राख हो गए थे, जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ। आग की चपेट में आने से शालिक राम की एक फिजीशियन नस्ल की गाय, एक बछिया और एक बछड़े की मौत हो गई थी, जबकि उनकी एक भैंस गंभीर रूप से झुलस गई थी। इसके अलावा अर्जुन यादव के घर में रखा राशन और घरेलू सामान पूरी तरह जल गया। वहीं पवन, मनोज, आशीष, सुरेंद्र, लल्लू और कल्लू सहित कई अन्य ग्रामीणों के घरों का सामान भी आग में नष्ट हो गया। दुर्गा प्रसाद के परिवार को भी बड़ा झटका लगा, क्योंकि उनके बेटे की 25 अप्रैल को होने वाली शादी के लिए खरीदा गया पूरा सामान आग में जलकर राख हो गया।

# बूथों पर गूंजेगी संविधान की प्रस्तावना, घर-घर पहुंचेगे बाबा साहब के विचार

अयोध्या। भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर महानगर क्षेत्र में 13 से 17 अप्रैल तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में पार्टी कार्यालय सहादतगंज में आयोजित योजना बैठक में कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि 13 अप्रैल को महानगर के 17 स्थानों पर स्थापित डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमाओं एवं परिसरों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही प्रतिमा स्थलों को सजाया जाएगा तथा माल्यार्पण और दीपदान कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए कार्यक्रम संयोजक एवं मुख्य अतिथियों की भी नियुक्ति की गई है। बताया कि 14 अप्रैल को अम्बेडकर जयंती के अवसर पर महानगर के सभी 419 बूथों पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस दौरान बूथों पर पदाधिकारी संविधान की प्रस्तावना का वाचन करेंगे और बाबा साहब के विचारों को जन–जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। वहीं पार्टी कार्यालय पर आयोजित संगोष्ठी में उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। 15 एवं 16 अप्रैल को अनुसूचित बस्तियों में घर–घर संपर्क व संवाद अभियान चलाया जाएगा, जिसमें समाज के विशिष्ट जनों को सम्मानित भी किया जाएगा। 17 अप्रैल को पूरा बाजार क्षेत्र में एक विशाल सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। बैठक में कार्यक्रम संयोजक हरभजन गौड, तिलक राम मौर्या, शैलेन्द्र कोरी, वरूण चौधरी, काशीराम, दिनेश कन्नौजिया, शिवम शुक्ला, रवि सिंह, अरूण सोनकर, सूरज सोनकर, शशि प्रताप सिंह, बब्लू मिश्र, अजय गौड, संजय कोरी, शिववचन कोरी, विजय रंजन कोरी सहित अन्य पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

# एक युद्ध नशे के विरुद्ध' कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के प्रौढ़ एवं सतत् प्रसार शिक्षा विभाग में उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम 'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' के दूसरे दिन भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. अनूप कुमार ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. फरुर्ख जमाल रहे।इस कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में डॉ. शशि कला, डॉ. प्रतिभा, डॉ. प्रतिभा त्रिपाठी और डॉ. नीलम रही।

# बाबा साहेब की जयंती को गौरवपूर्ण तरीके से मनाएगी भाजपा

अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान शिल्पी भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की आगामी जयंती को सामाजिक समरसता उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। इस गौरवपूर्ण अवसर को लेकर भाजपा में संगठन स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। आज पार्टी कार्यालय पर आयोजित एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। पार्टी पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि बाबा साहेब के विचारों और उनके द्वारा समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यों को जन–जन तक पहुँचाया जाए। जयंती के अवसर पर प्रत्येक मंडल और सभी बूथ स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर जयंती मनाई जाएगी।

# जिले में बनेगा अत्याधुनिक बस डिपो, मंत्रीपरिषद से मिली मंजूरी

अयोध्या। जिले में सार्वजनिक–निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर एक अत्याधुनिक बस डिपो का निर्माण किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए विधायक वेद प्रकाश गुप्ता लंबे समय से प्रयासरत थे। मंगलवार, 7 अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रीपरिषद की बैठक में अयोध्या में आधुनिक सुविधाओं से युक्त बस डिपो के निर्माण को मंजूरी प्रदान कर दी गई। मंत्रीपरिषद की स्वीकृति के बाद अब प्रशासन जल्द ही भूमि चयन सहित अन्य आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराएगा। प्रस्तावित बस डिपो में यात्रियों के लिए आधुनिक प्रतीक्षालय, स्वच्छ शौचालय, डिजिटल सूचना प्रणाली, पार्किंग सुविधा और बेहतर यातायात प्रबंधन जैसी व्यवस्थाएं रहेंगी। इससे अयोध्या आने–जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी और परिवहन व्यवस्था अधिक सुगम व व्यवस्थित हो सकेगी।

विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने बताया कि अयोध्या के समग्र विकास की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या को आधुनिक और व्यवस्थित शहर के रूप में विकसित किया जा रहा है। अत्याधुनिक बस डिपो बनने से न केवल यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने अयोध्या के संत–महंत व आमजन की ओर से योगी सरकार का आभार व्यक्त किया है।

# झोलाछाप डाक्टर पर बेटी को गलत दवा देने का पिता ने लगाया आरोप, कार्रवाई की लगाई गुहार

## ’झोलाछाप के विरुद्ध कार्रवाई के लिए सीएम, डीएम से लगाई गुहार

मीरजापुर। जिले से झोलाछाप डॉक्टर से जुड़ी हुई एक हैरान करने वाली खबर सामने आई है, जिसे जानकर खुद्द बीएचयू वाराणसी के भी डाक्टर सकते में हैं, कि आखाध्रिकार इतनी बड़ी लापरवाही भला कैसे? मामला, सिर्फ झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही ही नहीं बल्कि शिकायत करने के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई का ना होना भी पूरे स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार मुलाजिमों को कटघरे में खड़े करने के लिए काफी है। पूरा मामला मीरजापुर जिले के ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बबुरा कलां गांव से जुड़ा हुआ है जहां के निवासी दिनेश सिंह ने क्षेत्र के रतेह चौराहा स्थित एक झोलाछाप पर बेटी को गलत दवा देने का आरोप लगाया है। उन्होंने पिछले दिनों सीएम पोर्टल पर प्रार्थना पत्र देकर झोलाछाप के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार भी लगाई है। दिए गए प्रार्थना पत्र में दिनेश सिंह आरोप लगाया कि कि गत 20 फरवरी 2026 को अपनी 18 वर्षीया पुत्री स्वचाली सिंह को चक्कर आने पर क्षेत्र के देवरी उत्तर गांव स्थित रतेह चौराहा पर श्चिरंजीवी क्लीनिकश में दिखाया तो झोलाछाप डॉक्टर ने पुत्री को एक सप्ताह की दवा खाने के लिए दी। झोलाछाप द्वारा दी गई दवा को बेटी ने खाया तो चार दिन बाद बेटी घर पर गश खाकर गिर पड़ी और उसे चलने में दिक्कत होने लगी। बेटी की दिमागी हालत विक्षिप्त जैसी हो गई। हालत गंभीर देखकर बेटी को उन्होंने मीरजापुर मंडलीय चिकित्सालय ले जाकर दिखाया। जहां चिकित्सक ने बेटी की हालत गंभीर देखते हुए 27 फरवरी को वाराणसी स्थित बीएचयू ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जहां पुत्री का 19 दिनों तक इलाज चला। बेटी का इलाज कर रहे बीएचयू ट्रामा सेंटर के न्यूरो विभाग के चिकित्सकों ने बताया कि गलत दवा खाने की वजह से बेटी की ऐसी हालत हुई है। बताया कि यह दवा पागलों के इलाज में दी जाती है। बेटी को चलने फिरने में दिक्कत हो रही है और उसकी याददाश्त में सुधार नही हो पा रहा है। आरोप लगाया कि उक्त झोलाछाप बिना किसी चिकित्सा डिग्री व बगैर लाइसेंस के क्लीनिक खोलकर चला रहा है। भोली भाली जनता का गलत दवा इलाज कर उनकी सेहत और जिंदगी से खिलवाड़ कर रहा है। दिनेश सिंह ने बेटी की हालत के लिए झोलाछाप को जिम्मेदार ठहराते हुए कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी हलिया डाक्टर अवधेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जाएगी। झोलाछाप और अवैध रूप से क्लीनिक संचालित करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पीड़िता के पिता दिनेश सिंह ने बेटी का गलत दवा इलाज करने वाले झोलाछाप डॉक्टर के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई है। दिनेश सिंह ने गत 27 मार्च को सीएम पोर्टल पर झोलाछाप की शिकायत कर कार्रवाई की गुहार लगाई थी। इस मामले में डिप्टी सीएमओ नोडल अधिकारी अवधेश सिंह ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ बबुरा कलां निवासी शिकायतकर्ता दिनेश सिंह के घर पहुंचकर नोटिस दिया और आठ अप्रैल को झोलाछाप द्वारा दवा इलाज किए जाने का साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए कहा। नोडल अधिकारी अवधेश सिंह ने रतेह चौराहा स्थित चिरंजीव मेडिकल पर पहुंचकर मामले की जांच करते हुए झोलाछाप को नोटिस जारी की ।

## नोडल अधिकारी की भूमिका संदिग्ध, कार्रवाई के नाम पर होती है खानापूर्ति’

दिनेश सिंह ने नोडल अधिकारी द्वारा झोलाछाप के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं किए जाने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि नोडल अधिकारी अवधेश सिंह दो मिनट के लिए दोपहर बाद हमारे घर पर आए और नोटिस देते हुए घर की और मेरी फोटो खींचवा कर ले गए। आरोप लगाया कि नोडल अधिकारी ने मेरी बात सुनने के लिए समय नहीं दिया जबकि बेटी का किसी तरह से कर्ज लेकर दवा इलाज करा रहे हैं। युवती के पिता ने सीएम पोर्टल पर की गई शिकायत में झोलाछाप पर गलत दवा इलाज करने का आरोप लगाया था। शिकायत में आरोप लगाया था कि झोलाछाप के इलाज से बेटी की हालत गंभीर हो गई और 19 दिनों तक बीएचयू के न्यूरो विभाग में वेंटिलेटर पर पड़ी बेटी का चिकित्सकों ने दवा इलाज किया। इलाज कर रहे चिकित्सकों ने बताया कि गलत दवा खाने से पुत्री की हालत गंभीर हुई है। इस संबंध में डिप्टी सीएमओ नोडल अधिकारी अवधेश सिंह ने बताया कि शिकायत पर मामले की जांच की गई है आरोपित मेडिकल स्टोर संचालक को नोटिस दी गई है। शिकायकर्ता को भी नोटिस देकर दवा इलाज किए जाने साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## ’पीड़ित पिता ने लगाया दुर्व्यवहार का आरोप’

जिले में झोलाछाप डॉक्टरों के उपर कैसे व किस प्रकार से शिकायत होने पर कार्रवाई की जाती है, इसकी बानगी इसी घटना से देखा जा सकता है। बताया गया है कि पीड़ित पिता दिनेश जब बुधवार, 8 अप्रैल को निर्धारित तिथि को सीएमओ कार्यालय मीरजापुर अपना पक्ष रखने पहुंचे थे तो उनकी पीड़ा को सुनने के बजाए नोडल अधिकारी से लगाय सीएमओ द्वारा उन्हें ही डांट डपेट कर वहां से उन्हें चलता कर दिया गया। व्यथथित होकर दिनेश कुमार सिंह सीधे जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर देर शाम तक जिलाधिकारी कार्यालय पर अपनी पत्नी के साथ डटे रहे हैं। उनका आरोप रहा है कि एनआईसी में मीटिंग के बाद जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने सीएमओ मीरजापुर को दिनेश सिंह की समस्या को सुनकर झोलाछाप डॉक्टर पर कार्रवाई के निर्देश दिए दिए, लेकिन सीएमओ साहब कार्रवाई को कौन कहें पीड़ित दम्पति को ही फटकार लगाने लगे कि सरकारी डाक्टर को हम देखते हैं, इसमें हम क्या कर सकते हैं। आश्चर्य कि बात है पीड़ित पिता ने सम्पूर्ण मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर करने के साथ ही जिलाधिकारी से भी की है जिसपर जांच कर कार्रवाई के लिए सीएमओ को निर्देशित किया जा चुका है बावजूद इसके तकरीबन डेढ़ माह बीतने को है इस मामले में अभी तक कोई कार्रवाई सुनिश्चित नहीं हो पाई है।

# जॉयफुल सेमिनार में विद्यार्थियों को सिखाया जीवन के मूल्य

चित्रकूट। सेंट थॉमस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उन्हें सही दिशा देने के उद्देश्य से दो दिवसीय जॉयफुल सेमिनार का आयोजन किया गया। इस विशेष सत्र का विषय हार्ट टचिंग सेशन्स रहा। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में मिस्टर जायन शेखर और मिस अमीषा राफेल उपस्थित रहे।सेमिनार के दौरान वक्ताओं ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए माता–पिता के संघर्षों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ष्माता–पिता अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अपना पूरा जीवन कठिन परिश्रम और त्याग में बिता देते हैं। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज की पीढ़ी अक्सर अपने माता–पिता का अनादर करती है।ष उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे अपने माता–पिता के बलिदानों को समझें और उन्हें वह सम्मान और प्रेम दें जिसके वे हकदार हैं। विद्यार्थियों को भविष्य के प्रति जागरूक करते हुए वक्ताओं ने जीवन की प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया।

## धनुष चौराहे से पटेल तिराहे तक सड़क चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण कार्यो का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

चित्रकूट। जनपद की यातायात व्यवस्था को सु.ढ़ करने एवं शहरी सौंदर्य में अभिवृद्धि के लिए डीएम पुलकित गर्ग ने चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अंतर्गत धनुष चौराहे से पटेल तिराहे तक स्वी.त सड़क चौड़ीकरण, सौंदर्यीकरण एवं फुटपाथ निर्माण कार्यों का गहन स्थलीय निरीक्षण किया। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए शासन द्वारा 1298 लाख की धनराशि स्वी.त की है। डीएम ने निरीक्षण के दौरान परियोजना के तहत प्रस्तावित मुख्य सड़क के चौड़ीकरण, सर्विस रोड के निर्माण और पैदल यात्रियों के लिए फुटपाथ के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

# देश की रक्षा तैयारी को बढ़ाएगी यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कारिडोर परियोजना

त्रकूट। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के चित्रकूट नोड में 75 हेक्टेयर भूमि का आवंटन पत्र भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मनोज जैन को सौंपा। यह समारोह यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में चित्रकूट डिफेंस नोड की स्थापना की शुरुआत का संकेत देता है। इस परियोजना से क्षेत्र में उच्च तकनीक निर्माण और रोजगार के अवसर बढ़ने की उम्मीद है। इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) को 75 हेक्टेयर भूमि आवंटित करने की मंजूरी दे दी है। मध्य भारत में रणनीतिक रूप से स्थित चित्रकूट प्रमुख रक्षा प्रतिष्ठानों और स्वहपेजपब हब से उत.ष्ट कनेक्टिविटी प्रदान करता है जो इसे रक्षा विनिर्माण के लिए एक आदर्श स्थान बनाता है। चित्रकूट में बीईएल की स्थापना से बुंदेलखंड क्षेत्र और उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे को बहुआयामी लाभ मिलने की उम्मीद है। यह पारंपरिक रूप से सांस्.तिक और आध्यात्मिक महत्व से जुड़े क्षेत्र में उच्च प्रौद्योगिकी विनिर्माण लाकर क्षेत्रीय विकास को उत्प्रेरित करेगा। इस तरह की एक उन्नत सुविधा की उपस्थिति तकनीकी रूप से कुशल युवाओं को क्षेत्र से बाहर प्रवास करने की आवश्यकता को कम करेगी, साथ ही अत्यधिक कुशल शोधकर्ताओं और तकनीशियनों और सहायक कर्मियों जैसी अर्धकुशल भूमिकाओं सहित मूल्य श्रृंखला में अवसर भी पैदा करेगी। चित्रकूट नोड राम वनंगमन मार्ग पर स्थित है जो तैयारी और शक्ति की यात्रा का प्रतीक है बीईएल के भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने के मिशन के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। बोलचाल की भाषा में यह एक मिशन पर जाने से पहले तैयार होने जैसा है। नोड के रणनीतिक महत्व को दर्शाता है। डीएम पुलकित गर्ग ने बताया कि इस कदम से क्षेत्र में रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। जिसमें बीईएल उन्नत रडार और वायु रक्षा प्रणालियों के लिए एक अत्याधुनिक सुविधा स्थापित करने के लिए 562.5 करोड़ का निवेश करेगा।

# -कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेल अत्यंत प्रभावी माध्यम’

चित्रकूट। डीएम की अध्यक्षता में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत नवीन बच्चों के शत प्रतिशत नामांकन को सुनिश्चित करने एवं अभिभावकों को जागरूक एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया।कार्यक्रम में जनपद के जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक एवं शिक्षा से जुड़े अन्य हितधारक उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्था खेल–खेल के कथाकार अमन गोपाल सुरेका द्वारा भारतवर्ष की समृद्ध खेल परंपरा एवं उसके शैक्षिक महत्व पर आधारित एक प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक कार्यशाला प्रस्तुत की गई। इस दौरान खेल आधारित शिक्षण पद्धति के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास, शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं सामाजिक के लिए खेल एक अत्यंत प्रभावी माध्यम है। उन्होंने पारंपरिक खेलों के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को सरल, रोचक एवं व्यवहारिक बनाने पर विशेष बल दिया। विशेष रूप से सांप–सीढ़ी जैसे पारंपरिक खेल के माध्यम से मानव जीवन, नैतिक मूल्यों एवं आध्यात्मिक अवधारणाओं को अत्यंत सरल एवं रोचक तरीके से समझाया गया। कार्यशाला में यह भी उल्लेख किया गया कि मानव शरीर को प्रतीकात्मक रूप से ”आठ कमरों, नौ खिड़कियों एवं दस दरवाजों“ के रूप में समझा जा सकता है, जो जीवन के विभिन्न आयामों एवं चेतना के स्तरों का द्योतक है। इसके साथ ही सप्तपुरी, साकार एवं निराकार जैसे आध्यात्मिक विचारों को भी खेल के माध्यम से सहज रूप में प्रस्तुत किया गया, जिससे बच्चों में जिज्ञासा, नैतिक समझ एवं आंतरिक विकास को प्रोत्साहन मिलता है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों को विभिन्न शैक्षिक खेलों का प्रदर्शन कराते हुए प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। जिससे वे अपने विद्यालयों में इन गतिविधियों को अपनाकर बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने एवं उनकी सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बना सकें। डीएम ने कहा कि स्कूल चलो अभियान शासन की एक महत्वपूर्ण पहल है। जिसका उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ना है। उन्होंने समस्त अधिकारियों एवं शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करें तथा विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण एवं आकर्षक शिक्षण वातावरण विकसित करें।

# एसपी ने सैनिक सम्मेलन कर सुनी समस्याएं, अपराध समीक्षा गोष्ठी में दिए निर्देश

### –कहा कि कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखें थाना, चौकी प्रभारी

चित्रकूट। एसपी अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में अपराध समीक्षा गोष्ठी संपन्न हुई। सैनिक सम्मेलन कर अधिकारी, कर्मचारियों की समस्याओं की जानकारी कर सम्बन्धित को उचित निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये गये।

एसपी ने गोष्ठी में थाना, चौकी, शाखा प्रभारियों के कार्यों का मूल्यांकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि भादवि के अपराध तीन वर्षीय तुलनात्मक मासिक प्रगतिशील विवेचना के साथ शीघ्र निस्तारण करें। अधिनियम के तीन वर्षीय तुलनात्मक विवेचनाओं से सम्बन्धित आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। प्रचलित अभियानो के सम्वन्ध मे चर्चा की। तीन माह से अधिक लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण के निर्देश दिये। हिस्ट्रीशीट खोलने, नष्ट करने सहित भारी संख्या मे लंबित आरोप पत्र एवं अंतिम रिपोर्ट न्यायालय में एक सप्ताह के अंदर दाखिला के निर्देश दिए। गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही, हत्या, लूट, चोरी, नकबजनी के अनावरण, सात वर्षों से अधिक सजा के अभियोगों के कार्यवाही के शेष अभियुक्तों की गिरतारी, धारा 363, 366 भादवि, 137(2), 87 बीएनएस के बरामदगी के लिए शेष लम्बित अभियोगों के निस्तारण, एनसीआर व एफआईआर के आरोप पत्र, अंतिम पत्र दाखिला सम्बन्धित आवश्यक दिशा निर्देश। आईटीएसएसओ पोर्टल पर प्रदर्शित लम्बित अभियोगों के निस्तारण, थाना स्थानीय पर लम्बित चरित्र सत्यापन, दर्पण डैसबोर्ड की रैकिंग के सम्बन्ध में निर्देशित किया। माल निस्तारण, सड़क दुर्घटना से सम्वन्धित पुलिस फार्म भरने, क्राइम अगेस्ट वुमेन पोर्टल में लम्बित विवेचनाओं के सम्बन्ध में दिशा निर्देश दिये गये। यक्ष में अपराधियों की आपराधिक इतिहास, फोटो, फिंगरप्रिन्ट आदि की फीडिंग किये जाने के अलावा ई–साक्ष्य व ई–सम्मन की तामिला के सम्बन्ध में कार्यवाही के सम्बन्ध में दिशा निर्देश दिए।

# स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली गई शिक्षा जागरूकता रैली

## -शिक्षित हो चित्रकूट सारा, स्कूल चलो अभियान में गूंजे नारा

चित्रकूट। विकास पथ सेवा संस्थान द्वारा ग्राम अरछा बरेठी के पूर्व माध्यमिक विद्यालय अरछा में स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों का सरकारी विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करना रहा।

रैली को भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष दिव्या त्रिपाठी, समाजसेवी शंकर प्रसाद यादव एवं संस्थान के अध्यक्ष डॉ. प्रभाकर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान ग्रामीणों ने भी बच्चों के साथ गांव में भ्रमण कर अभियान का समर्थन किया। बच्चों के जोशीले नारों शिक्षित हो चित्रकूट सारा, पढ़ेगा चित्रकूट, बढ़ेगा देश, लड़कियों को दो पढ़ने का मौका, आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे से पूरा गांव गूंज उठा। नारों को सुनकर महिलाएं भी घरों से बाहर निकलकर रैली में शामिल हुईं। इस अवसर पर शंकर प्रसाद यादव ने कहा कि गांव का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। यह सभी की जिम्मेदारी है। शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सबसे सशक्त माध्यम है। भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष दिव्या त्रिपाठी ने कहा कि बेटी और बेटा दोनों को समान अवसर मिलना चाहिए। बालिकाओं की शिक्षा से ही समाज सशक्त और आत्मनिर्भर बनेगा। संस्थान अध्यक्ष डॉ. प्रभाकर सिंह ने कहा कि हर बच्चे का स्कूल में नामांकन सुनिश्चित करना संकल्प है। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के पदाधिकारियों ने अभिभावकों से अपील कि कि वे अपने बच्चों का नामांकन सरकारी विद्यालयों में अवश्य कराएं। कार्यक्रम में भाजपा नेत्री राखी चौबे, हंस फाउंडेशन की प्रोग्राम ऑफिसर राधा विश्वकर्मा, लवलेश सिंह, कमला शंकर शुक्ला, उमाशंकर शुक्ल व प्रधानाध्यापिका सुशीला सिंह सहित शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# गबन के आरोप से क्षुब्ध वन रक्षक ने खाया जहर, मौत

चित्रकूट। लकड़ी गवन के आरोप से क्षुब्ध होकर वन रक्षक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के परिजन शव को अंतिम संस्कार को ले गये। पुलिस को जानकारी होने पर शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना से परिजनों मे कोहराम मच गया। यह मामला कर्वी कोतवाली क्षेत्र के इटरौर भीषमपुर गांव का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चंद्रशेखर सिंह (58) पुत्र सहादेव वन निगम मे वन रक्षक के पद पर झाँसी डिवीजन के घनौरी राठ मे तैनात थे। बीते दिनों चंद्रशेखर ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जब विभागीय लोगो को जानकारी हुई तो उन्हे अस्पताल मे भर्ती कराया गया। जंहा उसकी मौत हो गई थी। परिजन शव लेकर वापस घर आ गये थे। बुधवार की सुबह परिजन शव का अंतिम संस्कार करने जा रहे थे। तभी पुलिस को जानकारी हुई तो शव को कब्जे मे कर शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के परिजनों ने बताया कि विभाग द्वारा उसके ऊपर दो करोड़ 75 लाख की लकड़ी गायब करने का आरोप लगाया था। जब लकड़ी गायब हुई थी तब वह अपने बेटे व बेटी की शादी मे गांव गया हुआ था। उसके एरिया की लकड़ी चोरी हुई थी। जिसको लेकर विभागीय अधिकारी वसूली का दवाव बना रहे थे।

# सम्मान और आत्मनिर्भरता हेतु श्रावस्ती पुलिस का व्यापक जनजागरूकता अभियान’

श्रावस्ती । पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी’ के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम’ एवं समस्त क्षेत्राधिकारीगण के प्रभावी पर्यवेक्षण में जनपद श्रावस्ती में ’मिशन शक्ति फेज 5 (द्वितीय चरण)’ के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, आत्मनिर्भरता एवं साइबर जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना एवं सुरक्षित वातावरण का निर्माण करना है। इसी क्रम में ’थाना कोतवाली भिनगा, सिरसिया, मल्हीपुर, हरदत्तनगर गिरंट, सोनवा, गिलौला, इकौना, नवीन मॉडर्न, महिला थाना एवं शक्ति मोबाइल टीम’ द्वारा विद्यालयों, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों तथा सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा उपायों, कानूनी अधिकारों एवं सरकारी सहायता सेवाओं के बारे में जागरूक किया गया। चौपाल एवं संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान हेतु प्रेरित किया गया तथा उन्हें ’“शक्ति दीदी”’ के रूप में निर्भीक होकर अपनी बात रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साइबर सुरक्षा के संबंध में सोशल मीडिया फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल एवं संदिग्ध लिंक से बचाव के उपाय बताते हुए ’ओटीपी साझा न करने, मजबूत पासवर्ड का प्रयोग करने’ एवं किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में ’हेल्पलाइन नंबर 1930’ पर तत्काल सूचना देने हेतु जागरूक किया गया। महिलाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों एवं ऑनलाइन सेवाओं की जानकारी प्रदान करते हुए न्च्ब्ट ऐप एवं ब्ज्छै प्रणाली’ के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं के उपयोग हेतु प्रेरित किया गया।

# 20 अप्रैल से शुरु होगा जनगणना प्रशिक्षण कार्य

चित्रकूट। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वीडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से निदेशक जनगणना कार्य निदेशालय द्वारा भारत की जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के संबंध में अवगत कराया कि जनगणना 2027 राष्ट्रीय महत्व का कार्यक्रम है। प्रथम चरण का कार्य उप्र में 22 मई से 20 जून तक पूर्ण किया जाना है। जिसमें सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जन सामान्य की सहभागिता आवश्यक है। प्रथम चरण के प्रारम्भ होने से पूर्व 7 से 21 मई तक नागरिकों के लिए बेव पोर्टल पर आनलाइन स्वगणना की व्यवस्था भी सरकार द्वारा की गयी है। जिसके माध्यम से आम जनमानस प्रथम चरण में अपने घर की जानकारी पोर्टल पर दर्ज कर सकेगें।वीडियों कॉफेसिंग के पश्चात डीएम पुलकित गर्ग ने निर्देशित किया कि समस्त विभागीय अधिकारी, कर्मचारी जनगणना कार्य में सहयोग प्रदान करेगें। अवगत कराया कि जनपद में कुल 1923 मकान सूचीकरण ब्लाक बनाये जायेंगें। जिसमें 2000 प्रगणक एवं 350 पर्यवेक्षकों के द्वारा कार्य किया जायेगा।

# जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में सुनी समस्याएं

श्रावस्ती । जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में जनता दर्शन में आमजन की समस्याओं व शिकायतों को सुना और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही फोन पर समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी को 08 शिकायतें प्राप्त हुई, जो विभिन्न विभागों से सम्बन्धित थी, इन शिकायतों को तत्काल निराकरण कर रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि सम्बन्धित प्रकरणों में तत्काल समुचित कार्रवाई कर समस्या का समाधान सुनिश्चित करें। साथ ही .त कार्रवाई के बाद उन्हें भी अवगत कराना सुनिश्चित करें। निस्तारण के अवधि में लेटलतीफी कदापि न बरती जाए। इसके लिए फरियादियों से समन्वय स्थापित कर विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करें।

# फाल में डूबने से आटो चालक की हुई मौत

मीरजापुर। अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने आए एक ऑटो चालक सैलानी की जलप्रपात में डूबने से मौत हो गई. दूसरे दिन कड़ी मशक्कत के बाद शव बरामद किया गया है। अहरौरा थाना क्षेत्र के सुखदरिया जलप्रपात में बुधवार की शाम डूबे ऑटो चालक सैलानी सन्नी खान का शव 18 घंटे बाद एसडीआरएफ की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद चट्टानों के दर्रे में फंसे शव को खोज निकाला है. जिसे देखते ही मौके पर मौजूद परिजनों मे कोहराम मच गया। बताया जा रहा चंदौली के पड़ाव क्षेत्र स्थित चौरहट के रहने वाला ऑटो चालक सन्नी खान बुधवार को मित्र दिलशाद के साथ सलमान के घर बाराडीह आया हुआ था तभी पिकनिक मनाने का प्लान बना तीनों मित्र सैलानी पिकनिक मनाने लखनिया दरी जलप्रपात पर पहुंचे तो वहां तालाबंदी होने के कारण पहाड़ों तथा जंगल के रास्ते तीनों सैलानी सुखदरिया पहुंचे जहां मौज मस्ती के दौरान नहाते समय पैर फिसलने पर गहरे पानी में जाने से सन्नी खान डूब गया यह नजारा देख मित्रों की हालत खराब हो गई आनन फानन में पुलिस को सूचना दी गई पुलिस मौके पर पहुंची तो सर्च ऑपरेशन देर रात चलाया गया परंतु डूबे युवक का पता नहीं चला तब तक काफी अंधेरा हो गया चुनार से एसडीआरएफ की टीम बुलाई गई खोजबीन के बावजूद अंधेरा होने के चलते रात में डूबे सैलानी सन्नी का पता नहीं चला तो बृहस्पतिवार के सुबह एसडीआरएफ टीम के गोताखोरों ने काफी परिश्रम के बाद पत्थर के दर्रे में फंसे शव को निकाला लिया गया। इस संबंध में अहरौरा थानाध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि गहरे पानी में जाने से युवक की डूब कर मौत हुई है शव बरामद करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# अहरौरा एवं अष्टभुजा, विंध्याचल टोल प्लाजा को हटाने की मांग को लेकर तीसरे दिन भी कांग्रेस का जारी रहा धरना

मीरजापुर। जिले के अहरौरा एवं अष्टभुजा (विंध्याचल) टोल प्लाजा को स्थानीय नागरिकों के लिए फ्री करने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में चल रहा धरना–प्रदर्शन गुरुवार को भी तीसरे दिन जारी रहा है। इस धरना–प्रदर्शन को आज आम आदमी पार्टी ने अपना समर्थन देते हुए भ्रष्टाचार की इस लड़ाई में साथ रहने का आश्वासन दिया। इस दौरान आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील कुमार पांडे एडवोकेट ने पार्टी का समर्थन पत्र कांग्रेस के जिला अध्यक्ष डॉ शिवकुमार पटेल को सौंपा। कहा अहरौरा एवं अष्टभुजा, विंध्याचल टोल प्लाजा स्थानीय नागरिकों के लिए फ्री करने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे जिला मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को आप का पूरा समर्थन है। आंदोलन को अपना पूरा समर्थन देने का ऐलान किया। कहा यह मुद्दा मिर्जापुर के किसानों, व्यापारियों, नौजवानों, मजदूर, कामगारों पत्थर एवं ईट व्यवसाय से जुड़ा हुआ मुद्दा है। मिर्जापुर के स्थानीय लोगों को रोज टोल प्लाजा पर टोल के नाम पर आर्थिक दोहन किया जा रहा है, जिसे आम आदमी पार्टी कदापि बर्दाश्त नहीं करेगी। यदि जिला प्रशासन इस मामले पर शीघ्र ही कार्रवाई नहीं करती है तो आम आदमी पार्टी भी धरना प्रदर्शन में पूरी ताकत के साथ सम्मिलित होकर आंदोलन को और मजबूत करेगी।

# क्षय रोग कार्यालय में बायोमैट्रिक मशीन से उपस्थिति हुई अनिवाय

मीरजापुर। लंबे समय से बायोमैट्रिक उपस्थिति मशीन से वंचित चलें आ रहे जिला क्षय रोग कार्यालय में बायोमैट्रिक मशीन लगने के बाद खलबली मच गई है। खघसकर उन कर्मचारियों में खासा बेचौनी देखी जा रही है जो जब चाहा तब उपस्थिति दर्ज कर चलते बनते थे। ऐसे लोगों को खघसा बेचौन देखा जा रहा है। बता दें कि पिछले दिनों जिला क्षय रोग आफिस का सीएमओ ने निरीक्षण किया था निरीक्षण के दौरान कुछ कर्मचारियों के उपस्थित पंजिका में हस्ताक्षर और नियमित उपस्थिति बरती जा रही घोर लापरवाही का मामला सामने आने के बाद हड़कंप मच गया था वही आफिस में बायोमैट्रिक उपस्थिति मशीन लगाएं जाने की कवायद तेज हो गई थी जिससे संबंधित खबर प्रकाशित होने के बाद बाद महकमें में हड़कंप मचा हुआ था। खघ्बर छपने के बाद स्वास्थ्य विभाग जिला क्षय रोग कार्यालय में बायोमैट्रिक मशीन लगाने की कवायत में जुट गया था। बुधवार को इसको अमलीजामा भी पहना दिया गया। जिसे सुव्यवस्थित कर सभी को इससे जोड़ने के लिए गुरुवार को कार्य होता रहा है।

# अल्लू अर्जुन ने जन्मदिन पर फैंस को तोहफा दिया, एटली की फिल्म एए 22-ए6 का टाइटल राका, पुष्पा स्टार का बाल्ड स्टाइल में शाकिंग फर्स्ट लुक आउट

साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन आज यानी 8 अप्रैल को 44 साल के हो गए हैं. आज इस शुभ मौके पर अल्लू अर्जुन की मोस्ट अवेटेड पैन इंडिया एक्शन थ्रिलर फिल्म एए22–ए6 का टाइटल पोस्टर सामने आ चुका है. टाइटल के साथ–साथ अल्लू अर्जुन की शॉकिंग फर्स्ट लुक भी सामने आया है. मेकर्स ने फिल्म का टाइटल पोस्टर को आज अल्लू अर्जुन के बर्थडे पर रिवील करने का ऐलान किया था. फैंस का इंतजार अब खत्म हो चुका है. एटली के निर्देशन में बनी फिल्म को लेकर खूब चर्चा है और अल्लू अर्जुन के फैंस के लिए यह गिफ्ट किसी बड़ी ट्रीट से कम नहीं है.फिल्म एए22–ए6 का नाम अब राका है. यानी फिल्म में अल्लू अर्जुन राका के रोल में होंगे. वहीं, फिल्म से आए अल्लू अर्जुन का फर्स्ट लुक बहुत ही शॉकिंग है और आज तक स्टाइलिश स्टार को इस अवतार में नहीं देखा गया है. अल्लू अर्जुन का अपने फर्स्ट लुक में हाफ बाल्ड दिख रहे हैं और उनके हाथ किसी दानव की तरह हैं, जिसके नाखून लंबे–लंबे



हैं. फिल्म सात भाषा हिंदी, तेलुगु, तमिल, मलयालम, कन्नड़, ऊर्दू और बंगाली में भी रिलीज होगी. फिलहाल फिल्म की रिलीज डेट का एलान नहीं किया गया है. अब अल्लू अर्जुन का यह फर्स्ट लुक उनके फैंस को बड़ा शॉक्ड देने वाला है.अल्लू अर्जुन और फिल्म के डायरेक्टर एटली ने भी इस पोस्टर को सोशल मीडिया पर जारी किया था और इसके कैप्शन में लिखा था, धमाके लिए तैयार रहे, फिल्म का टाइटल पोस्टर जारी होगा. अब अल्लू अर्जुन और एटली की जोड़ी की साथ में पहली फिल्म ने उनके फैंस के दिलों की धड़कनों को बढ़ा दिया है. अब पुष्पा स्टार के फैंस का दिल बाग–बाग हो चुका है और अब वो इस फिल्म की रिलीज के इंतजार में बैठ चुके हैं.बता दें, शाहरुख खान के साथ जवान बनाने के बाद से एटली इस फिल्म पर काम कर रहे हैं. इस फिल्म में दीपिका पादुकोण भी होंगी. दीपिका इससे पहले एटली के साथ फिल्म जवान में काम कर चुकी हैं. अल्लू अर्जुन के साथ दीपिका की यह पहली फिल्म है.

# काकटेल 2 का नया गाना जब तलक हुआ रिलीज, मस्ती में डूबीं रश्मिका मंदाना और कृति सैनन, शाहिद ने भी जमाया रंग

डायरेक्टर होमी अडजानिया की फिल्म कॉकटेल 2 रिलीज की तैयारी कर रही है और 19 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। आज बुधवार को मेकर्स ने इसका नया गाना जब तलक रिलीज कर दिया है। इस गाने में शाहिद कपूर, कृति सैनन और रश्मिका मंदाना अपने डांस से रंग जमा रहे हैं। इस गाने को अरिजीत सिंह ने अपनी आवाज से सजाया है और इसे प्रीतम चक्रवर्ती ने कंपोज किया है। लिरिक्स अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं और इसे होमी अडजानिया ने डायरेक्ट किया है।कॉकटले 2 की रिलीज का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है और बीते दिनों इसकी घोषणा की गई थी। फिल्म कॉकटेल 2 में शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सैनन ने जमकर डांस किया है। यूनिवर्सल म्यूजिक यूट्यूब चौनल पर कॉकटेल 2 का रिलीज हो गया है और महज 1 घंटे में ही इसे 1 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। फिल्म 19 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देने की तैयारी कर रही है। बीते दिनों फिल्म के सेट की तस्वीरें भी सामने आती रही हैं। अब देखना होगा कि क्या ये तिकड़ी बॉक्स ऑफिस पर अपना असर छोड़ने में सफल रहती है या नहीं। बता दें कि डायरेक्टर होमी अडजानिया ने साल 2012 में फिल्म कॉकटेल बनाई थी। इसमें सैफ अली खान, दीपिका पादुकोण और डायना पेंटी ने लीड रोल निभाया था। इसके साथ ही वमन इरानी और डिंपल कपाड़िया ने भी अहम किरादरों में अपनी एक्टिंग का समां बांधा था। कहानी लवट्रांयगल की थी। फिल्म में गौतम कपूर (सैफ अली खान) को विरोनिका (दीपिका पादुकोण) से प्यार है। विरोनिका बोल्ड और बिंदास लड़की है जो अपनी जिंदगी को खुलकर जीती थी। इसके साथ ही इन दोनों की मुलाकात मीरा सेठी (डायना पेंटी) से होती है जो एक एनआरआई से शादी करके विदेश मेंजाती है। लेकिन उसका पति उसे बीच मंजधार में छोड़



देता है और तीनों की दोस्ती हो जाती है। तीनों की ये दोस्ती अंत में लव ट्रांयगल में फिट हो जाती है और कहानी मजा देने लगता है।

# बाक्स आफिस पर 20वें दिन भी रहा धुरंधर 2 का कब्जा, बाहुबली 2 के उड़ा दिए परखच्चे, बनी भारत की दूसरी सबसे बड़ी फिल्म

धुरंधर 2 ने भारतीय बॉक्स ऑफिस को लूट लिया है. ये फिल्म रिलीज के पहले दिन से जबरदस्त कमाई कर रही है.



यहां तक कि इंडियन बॉक्स ऑफिस पर 1000 करोड़ का आंकड़ा पार करने के बाद भी ये थमने का नाम नहीं ले रही है और हर दिन भर–भरकर नोट कमा रही है. हालांकि अब रिलीज के तीसरे हफ्ते के वीकडेज में इसकी रफ्तार धीमी जरूर पड़ी है लेकिन इसके कलेक्शन के नंबर्स 10 करोड़ से ऊपर ही बने हुए हैं.वहीं अब, तीसरे मंगलवार को एक बार फिर इस फिल्म की कमाई में जबरदस्त उछाल देखने को मिल रहा है. चलिए यहां जान लेते हैं इसने 20वें दिन कितना कलेक्शन कर लिया है?रणवीर सिंह और आदित्य धर की फिल्म धुरंधर द रिवेंज के लिए तीसरा सोमवार ज्यादा धमाकेदार नहीं रहा. दरअसल 6 अप्रैल को रिलीज के 19वें दिन इस फिल्म ने रिलीज के बाद से सबसे कम कमाई की और इसके कलेक्शन में 65 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई. लेकिन इस स्पाई थ्रिलर फिल्म ने अपनी रिलीज के 20वें दिन एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर अपनी रफ्तार बढ़ाई और शानदार कलेक्शन कर डाला इतना ही नहीं इसने एक बड़ा रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है. श्धुरंधर 2य की अब तक की कमाई की बात करें तो सैकनिल्क के आंकड़ों के मुताबिक श्धुरंधर 2य ने रिलीज के पहले हफ्ते में 674.17 करोड़ कमाए और दूसरे वीक में इसने 263.65 करोड़ जोड़े. इसके बाद 16वें दिन श्धुरंधर 2य का कलेक्शन 21.55 करोड़, 17वें दिन की कमाई 25.65 करोड़, 18वें दिन का कारोबार 28.75 करोड़ और 19वें दिन की कमाई 10 करोड़ रही. वहीं अब सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक धुरंधर 2 ने रिलीज के 20वें दिन यानी तीसरे मंगलवार को 10.10 करोड़ का कारोबार किया है.इसी के साथ इसका भारत में 20 दिनों का टोटल नेट कलेक्शन अब 1033.37 करोड़ रुपये हो गया है.

श्धुरंधर 2य की कमाई में तीसरे वीक बेशक मंदी देखी जा रही है लेकिन रिलीज के 20वें दिन इसने एक तगड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर डाला है. दरअसल श्धुरंधर 2य ने बाहुबली 2 के भारत में लाइफटाइम कलेक्शन 1030.42 करोड़ (सैकनिल्क के आंकड़े) को आखिरकार मात दे दी है.

# है जवानी तो इश्क होना है का सामने आया लुक, वरुण धवन-पूजा का दिखा रोमांटिक अंदाज

वरुण धवन और पूजा हेगड़े की नई फिल्म है जवानी तो इश्क होना है कथित तौर पर मई महीने में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। लेकिन रिलीज से पहले आज मंगलवार को वरुण धवन ने फिल्म की शूटिंग की एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में वरुण और पूजा नदी के किनारे रोमांटिक पोज देते नजर आ रहे हैं।वरुण ने आज अपनी फिल्म है जवानी तो इश्क होना है के सेट से एक खास रोमांटिक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में वरुण अभिनेत्री पूजा हेगड़े के साथ रोमांटिक पोज देते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ वरुण धवन ने कैप्शन में लिखा, इश्क सिर्फ एक बार होता है।वरुण की इस तस्वीर पर जान्हवी कपूर ने मजाकिया कमेंट किया। जान्हवी ने लिखा, लेकिन आप कैप्शन में क्यों चिल्ला रहे हैं? जान्हवी कपूर और वरुण धवन पहले बवाल और सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी जैसी फिल्मों में एक साथ काम कर चुके हैं।है जवानी तो इश्क होना है फिल्म का शीर्षक फिल्म बीवी नंबर 1 के गाने इश्क सोना है से लिया गया है, जिसमें सलमान खान और सुष्मिता सेन ने अभिनय किया था। तस्वीर के बैकग्राउंड में 1999



की पुरानी फिल्म इश्क सोना है का गाना बज रहा है। फिल्म है जवानी तो इश्क होना है की शूटिंग पिछले साल शुरू हुई थी। पूजा हेगड़े ने इंस्टाग्राम पर ऋषिकेश से वरुण के साथ गंगा आरती की तस्वीरें और वीडियो शेयर किए थे। फिल्म का निर्माण रमेश तौरानी कर रहे हैं। इस फिल्म में मृणाल ठाकुर भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। पूजा हेगड़े की आखिरी फिल्म देवा थी, जिसमें उन्होंने शाहिद कपूर के साथ काम किया था। वरुण धवन आखिरी बार बॉर्डर 2 में नजर आए थे।

# चांद मेरा दिल का टीजर जारी, प्यार में पागलपन की कहानी लेकर आए लक्ष्य-अनन्या

अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी की आगामी फिल्म चांद मेरा दिल का टीजर जारी कर दिया गया है। धर्मा प्रोडक्शन द्वारा निर्मित और विवेक सोनी द्वारा निर्देशित यह एक म्यूजिकल–रोमांटिक फिल्म है जो रिलीज से पहले ही खूब चर्चा बटोर रही है। लक्ष्य तीसरी बार अपने अभिनय का हुनर दिखाने को तैयार हैं। इससे पहले उन्हें किल



और आर्यन खान की सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड से चर्चा मिली थी। फिल्म चांद मेरा दिल 22 मई को सिनेमाघरों का रुख करेगी।

करण जौहर एक बार फिर प्यार, पागलपन और दर्द भरी प्रेम–कहानी के जरिए दर्शकों को लुभाने आए हैं। टीजर की शुरुआत लक्ष्य और अनन्या के रोमांटिक रिश्ते से होती है। बैकग्राउंड में आवाज आती है, प्यार में थोड़ा पागल तो होना ही पड़ता है। हालांकि, जल्द ही एक अप्रत्याशित मोड़ आता है दोनों के रिश्तों में दूरियां आ जाती हैं। कुल मिलाकर फिल्म का टीजर दर्द, तड़प और गहन भावनात्मक रिश्तों पर केंद्रित किया गया है। इस फिल्म का निर्देशन विवेक सोनी ने किया है. गाने में म्यूजिक सचिन –जिगर ने दिया और लिरिक्स अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं, जो इस कहानी को और भी इमोशनल बना रहा है. टीजर में खूबसूरत लोकेशन्स और मंदिर के कुछ सीन्स भी दिखाए गए हैं, जिससे उनकी लव स्टोरी में अलग टच देखने को मिल रहा है.

# दीपिका पादुकोण की हुई गोलमाल 5 में एंट्री, सिंघम अगेन के रोल से होगा ये तगड़ा कनेक्शन, अक्षय कुमार से लेंगी पंगा!

रोहित शेट्टी की फिल्म गोलमाल 5 लगातार चर्चा में बनी हुई है. क्योंकि कास्टिंग को लेकर नए–नए अपडेट्स जो सामने आ रहे हैं. इस फिल्म में पहले से ही बड़े–बड़े एक्टर्स मौजूद हैं, लेकिन अब कुछ नाम इस लिस्ट में जुड़ चुके हैं. गोलमाल 5 को रोहित शेट्टी डायरेक्ट कर रहे हैं.

रिपोर्ट के अनुसार फिल्म में इस फ्रेंचाइजी के कई पुराने चेहरे नजर आएंगे, जिनमें अजय देवगन, अरशद वारसी, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े, कुणाल खेमू, शरमन जोशी जैसे नाम शामिल हैं. वहीं, इस फिल्म में अब अक्षय कुमार की भी एंट्री हो चुकी है.रिपोर्ट के अनुसार इस फिल्म में साउथ एक्ट्रेस प्रियामणी लीड रोल निभाती हुई नजर आएंगी.इसी बीच फिल्म के कास्टिंग को लेकर एक नई अपडेट सामने आई है. रिपोर्ट के अनुसार इस फिल्म में दीपिका पादुकोण की भी एंट्री हो चुकी है. वो फिल्म में कैमियो करती नजर आएंगी, लेकिन उनका रोल काफी इंपोर्टेंट होने वाला है.

इस फिल्म में एक्ट्रेस को इंस्पेक्टर शक्ति शेट्टी के कैरेक्टर में देखा जाएगा, जिसे उन्होंने पहले सिंघम अगेन में निभाया था. हालांकि, मेकर्स ने ऑफिशियल तौर पर इसे कंफर्म नहीं किया है, लेकिन इस खबर के सामने आते ही फैंस की एक्साइटमेंट और भी ज्यादा बढ़ चुकी है.रिपोर्ट के अनुसार फिल्म में दीपिका को एक मिशन पर दिखाया जाएगा, जो अक्षय कुमार के कैरेक्टर को पकड़ने की कोशिश करेंगी, जो उनकी कस्टडी से भाग निकला होता है.फिल्म के क्लामैक्स में उनकी धमाकेदार एंट्री होने वाली है. आखिर में वो अजय देवगन और उनकी टीम की मदद से अक्षय कुमार को पकड़ लेंगी.अगर ये रिपोर्ट सही निकलती है तो दीपिका पादुकोण का ये कैमियो रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स और गोलमार सीरीज की कमेडी दुनिया को जोड़ने वाला एक क्रॉसओवर मोमेंट साबित हो सकता है.हालांकि, अभी तक प्रोडक्शन टीम की तरफ से दीपिका की एंट्री को लेकर कुछ भी नहीं कहा गया है.

# शहनाज गिल के कातिलाना अंदाज से नजरें हटाना मुश्किल, व्हाइट मरमेड स्कर्ट में सोशल मीडिया पर लगाई आग

पंजाबी एक्ट्रेस शहनाज गिल एक बार फिर अपने स्टाइलिश अंदाज से चर्चा में आ गई हैं. बिग बॉस 13 से घर–घर में पहचान बनाने वाली शहनाज ने हाल ही में अपने लेटेस्ट फोटोशूट से फैंस का दिल जीत लिया. सफेद रंग के खूबसूरत आउटफिट में उनका ग्लैमरस और एलिगेंट लुक दिखाई दे रहा है. साथ ही उनका पोज पूरे पर्सनैलिटी को और निखार रहा है. उनका ये लुक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे.शहनाज ने इस फोटोशूट में व्हाइट कलर का स्टाइलिश आउटफिट पहना है. उनका पप्लम स्टाइल टॉप और नीचे फिटेड मरमेड स्कर्ट उन्हें एक परफेक्ट फिगर दे रही है. उनके टॉप की नेकलाइन पर क्रिस्टल डिटेलिंग की गई है, जो इस आउटफिट की सबसे खास बात है. यह छोटा सा डिजाइन उनके पूरे लुक में एक ग्लैमरस टच जोड़ता है और सिंपल ड्रेस को भी हाई–फैशन बना रहा है. शहनाज ने अपने बालों को खुले रखा है, जो हल्के वेव्स के साथ बहुत नैचुरल और सॉफ्ट लुक दे रहे हैं. उनके बालों का कट चेहरे को एक



परफेक्ट फ्रेम दे रहा है.उनका मेकअप सॉफ्ट ग्लैम स्टाइल में है. न्यूड बेस, हल्का ब्लश और बोल्ड रेड लिपस्टिक उनके लुक को बैलेंस कर रहे हैं. शहनाज के रिंग्स बहुत स्टाइलिश हैं. उन्होंने मिनिमल एक्सेसरीज के साथ अपने आउटफिट को हाईलाइट किया है, जिससे उनका पूरा लुक क्लासी और एलिगेंट लग रहा है.तस्वीरों में उनका कॉन्फिडेंस और पोज उन्हें शानदार बना रही है, जिसे देखकर फैंस उनपर जमकर प्यार लूटा रहे है.

# स्वस्थ दांतों के लिए आजमाएं ये 5 आसान और प्रभावी तरीके

दांत हमारे चेहरे की सुंदरता बढ़ाने के साथ–साथ खाने को चबाने और पाचन में मदद करने में अहम भूमिका निभाते हैं। ऐसे में दांतों का सही देखभाल करना बहुत जरूरी है। इसके लिए रोजाना ब्रश करना, फ्लॉसिंग करना और समय–समय पर दांतों के डॉक्टर के पास जाना जरूरी है। इसके अलावा खाने–पीने की आदतों पर भी खास ध्यान देना चाहिए। आइए आज हम आपको दांतों को स्वस्थ रखने के लिए कुछ आसान और प्रभावी तरीके बताते हैं।दांतों को रोजाना दो बार साफ करेंदांतों को स्वस्थ रखने के लिए रोजाना दो बार साफ करना जरूरी है। सुबह और रात को सोने से पहले दांतों को ब्रश करना चाहिए। इससे मुंह की सफाई होती है और कीटाणु पनपने का मौका नहीं मिलता। ब्रश करते समय हल्के हाथ से ब्रश को आगे–पीछे घुमाना चाहिए ताकि दांतों के हर कोने तक पेस्ट पहुंचे। इसके अलावा ब्रश करते समय मसूड़ों को भी हल्के हाथ से मसलना चाहिए ताकि खून का बहाव बेहतर हो सके।फ्लॉस से सफाई करेंफ्लॉस से सफाई दांतों के बीच की सफाई के लिए जरूरी है। ब्रश से हर जगह तक पहुंचना मुश्किल होता है, खासकर जब दांतों के बीच में खाना फंस जाता है ।

# गिन्नी वेड्स सनी 2 के ट्रेलर पर आया अपडेट, इस दिन दिखेगी अविनाश-मेधा की प्रेम-कहानी

यामी गौतम और विक्रांत मैसी की फिल्म गिन्नी वेड्स सनी (2020) को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। निर्देशक प्रशांत झा अब इसका सीक्वल गिन्नी वेड्स सनी 2 लेकर आ रहे हैं जो सोशल



मीडिया पर चर्चा बटोर रही है। अविनाश तिवारी इसमें मुख्य किरदार निभा रहे हैं। उनके साथ 12वीं फेल वालीं अभिनेत्री मेधा शंकर नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्माण निर्माण विनोद बच्चन और उमेश कुमार बंसल ने मिलकर किया है।जी स्टूडियो ने गिन्नी वेड्स सनी 2 का पोस्टर जारी करते हुए।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।